महानगर नई दिल्ली बुधवार 18 मार्च, 2020, रु. 5.00 (14 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

# जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com facebook.com/jansatta twitter.com/jansatta

### कोरोना का कहर

# तीसरी मौत, हरियाणा में पहला मामला; नोएडा में दो मामले

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 मार्च।

कोरोना विषाणु संक्रमण से मंगलवार को मुंबई में 64 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस विषाणु से मौत का देश में यह तीसरा मामला है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक हरियाणा में पहले और नोएडा में दो नए मामलों की पुष्टि हुई है। इनको मिलाकर देश में कोरोना विषाणु संक्रमण के मामलों की संख्या मंगलवार शाम तक 137 पर पहुंच गई। इनमें 24 विदेशी नागरिक हैं।

**137** पहुंची देश में संक्रमित लोगों की संख्या, इनमें 24 विदेशी। **अफगानिस्तान,** फिलिपींस और मलेशिया से भारत आने पर प्रतिबंध। **महाराष्ट्र** में 50 फीसद क्षमता के साथ सरकारी कार्यालयों को चलाने की तैयारी।

केंद्र सरकार ने तुरंत प्रभाव से अफगानिस्तान, फिलिपींस और मलेशिया से भारत की यात्रा प्रतिबंधित कर दी है। यह व्यवस्था 31 मार्च तक जारी रहेगी। इस व्यवस्था की बीच-बीच में समीक्षा होगी। इस बीच 76 ट्रेनें रेलवे ने रद्द कर दी हैं जबकि केंद्र ने राज्यों की मदद के लिए 30 अधिकारियों की तैनाती की है।

महाराष्ट्र में सबसे अधिक 36 संक्रमित मरीज हैं और कोरोना संक्रमण से मौत का यह प्रदेश का पहला मामला है। मृतक का मुंबई के सरकारी कस्तूरबा अस्पताल में इलाज चल रहा था। कोरोना विषाणु से बाकी पेज 8 पर

## केंद्रीय मंत्री मुरलीधरन ने खुद को अलग किया

नई दिल्ली, 17 मार्च (भाषा)।

केंद्रीय मंत्री वी. मुरलीधरन ने कोरोना विषाणु संक्रमण की चपेट में आने की आशंका के चलते खुद को एहतियात के तौर पर पृथक कर लिया है। स्पेन से लौटे डाक्टर के कोरोना विषाणु से संक्रमित पाए जाने के बाद उन्होंने यह कदम उठाया। विदेश राज्य मंत्री 14 मार्च को तिरुवनंतपुरम के श्री चित्रा तिरुनल आयुर्विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (एससीटीआइएमटी) गए थे। सूत्रों ने बताया कि केरल से भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरलीधरन ने एहतियात के तौर पर खुद को अपने दिल्ली स्थित आवास पर अलग-थलग रखने का विकल्प चुना है।



## बजट सत्र में कोई कटौती नहीं

नई दिल्ली, 17 मार्च (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भाजपा सांसदों से कोरोना वायरस के बारे में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। साथ ही स्पष्ट किया कि संसद के बजट सत्र में कोई कटौती नहीं की जाएगी।



सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री ने भाजपा संसदीय दल की बैठक में कहा कि ऐसे समय में जब स्वास्थ्य संबंधी बड़ी चुनौती सामने है, तब सांसदों को अपना काम करते दिखना चाहिए। उन्होंने कोरोना वायरस के खतरे से निपटने में डॉक्टरों और नर्सों सहित चिकित्साकर्मियों की भूमिका व जागरूकता फैलाने के लिए मीडिया की सराहना करते हुए सभी से सतर्क रहने को कहा। संसदीय कार्य मंत्री बाकी पेज 8 पर

## 54 हजार लोग सामुदायिक निगरानी में : हर्षवर्धन

नई दिल्ली, 17 मार्च (भाषा)।

सरकार ने कोरोना वायरस से निबटने के लिए देश भर में डाक्टरों व पैरामेडिकल कर्मियों के प्रयासों की सराहना करते हुए मंगलवार को कहा कि भारत में करीब 54 हजार लोगों को सामुदायिक निगरानी में रखा जा रहा है।



स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री हर्षवर्धन ने उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा, 'वायरस से प्रभावित लोगों के उपचार के लिए उनसे एक मीटर की दूरी से संपर्क करने की आवश्यकता के बीच, ऐसे रोगियों के इलाज का जोखिम उठाने के लिए मैं डाक्टरों व पैरा मेडिकल कर्मियों की सराहना करता हूं जो ईमानदारी व प्रतिबद्धता से काम कर रहे हैं।' चिकित्सकों व पैरा मेडिकल कर्मियों की स्वास्थ्य मंत्रियों द्वारा की गई सराहना का सदस्यों ने मेजें थपथपा कर समर्थन किया। बाद में कांग्रेस के उप नेता आनंद शर्मा ने भी पूरक प्रश्न पूछते हुए इनके प्रयासों की सराहना की।

हर्षवर्धन ने सांसदों से अनुरोध किया कि वे कोरोना वायरस से प्रभावित लोगों के लिए अलग से बनाई गई सुविधाओं का अपने क्षेत्रों में मुआयना कर सरकार को अपने सुझाव दें ताकि बाकी पेज 8 पर

## 'सीएए से किसी के मौलिक अधिकार का हनन नहीं'

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 मार्च।

केंद्र ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में दावा किया कि नागरिकता संशोधन कानून, 2019 संविधान में प्रदत्त किसी भी मौलिक अधिकार का हनन नहीं करता है। केंद्र ने इस कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अपने 129 पेज के जवाब में नागरिकता संशोधन कानून को वैध बताया और कहा कि इसके द्वारा किसी भी प्रकार की संवैधानिक नैतिकता का उल्लंघन होने का सवाल ही नहीं है।

हलफनामे में केंद्र ने कहा है कि यह कानून कार्यपालिका को किसी भी प्रकार के मनमाने और अनियंत्रित अधिकार बाकी पेज 8 पर

### सरकार के दिशा निर्देश के बाद भी शाहीनबाग में धरना जारी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 मार्च।

कोरोना वायरस के मद्देनजर दिल्ली सरकार की ओर से जारी परामर्श को देखते हुए शाहीनबाग की महिला प्रदर्शनकारियों के बीच मंगलवार को एक बार फिर वार्ता का प्रयास हुआ। इसके लिए दिल्ली पुलिस और आरडब्लूए से जुड़े लोगों ने पहल की। पुलिस अधिकारियों ने बाकी पेज 8 पर

### प्लेटफॉर्म टिकट 50 रुपए

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 मार्च।

भीड़ को हतोत्साहित करने के प्रयास के तहत रेलवे के कुछ जोनों ने प्लेटफॉर्म टिकट का दाम बाकी पेज 8 पर

### डॉक्टर भी संक्रमण की चपेट में

कलबुर्गी/बंगलुरु, 17 मार्च (भाषा)।

कलबुर्गी में पिछले हफ्ते कोरोना वायरस संक्रमण से जान गंवाने वाले बुजुर्ग का इलाज करने वाला डॉक्टर भी इस वायरस से संक्रमित पाया गया है। अधिकारियों बाकी पेज 8 पर

### जलोटा को अलग रखा गया

मुंबई, 17 मार्च (भाषा)।

भजन गायक अनूप जलोटा को मंगलवार सुबह यूरोप के दौरे से लौटने के बाद कोरोना विषाणु के खतरे के मद्देनजर मुंबई के एक होटल में पृथक रखा गया। 66 वर्षीय जलोटा एक संगीत समारोह के सिलसिले में यूरोप गए थे। मंगलवार तड़के वह मुंबई लौटे और उन्हें अंधेरी उपनगर के एक होटल में ले जाया गया।

### गोगोई के राज्यसभा में मनोनीत किए जाने पर पूर्व न्यायाधीश जोसफ ने कहा

## न्यायपालिका की स्वतंत्रता से समझौता

नई दिल्ली, 17 मार्च (भाषा)।

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश कुरियन जोसफ सहित पूर्व न्यायाधीशों ने पूर्व प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई के राज्यसभा में मनोनयन की कड़ी आलोचना की और कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद पद लेना न्यायपालिका की स्वतंता को कमतर करता है।



जोसफ ने गोगोई और दो अन्य वरिष्ठ न्यायाधीशों जे. चेलमेश्वर और मदन बी. लोकुर (अब सभी सेवानिवृत्त) के साथ 12 जनवरी 2018 को संवाददाता सम्मेलन करके तत्कालीन सीजेआइ के तहत सुप्रीम कोर्ट की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए थे।

जोसफ ने कहा कि गोगोई ने न्यायपालिका की स्वतंत्रता के सिद्धांतों से समझौता किया है। उन्होंने हैरानी जताई और कहा कि गोगोई द्वारा इस मनोनयन को स्वीकार किए जाने ने बाकी पेज 8 पर

### शपथ के बाद विस्तार से चर्चा करूंगा : गोगोई

गुवाहाटी, 17 मार्च (भाषा)।



पूर्व प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई ने खुद को राज्यसभा के लिए मनोनीत किए जाने को लेकर उठे विवाद के बीच मंगलवार को कहा कि शपथ लेने के बाद उच्च सदन की सीट की पेशकश स्वीकार करने के बारे में वह विस्तार से बोलेंगे।

गुवाहाटी में अपने आवास पर मुलाकात के लिए पहुंचे संवाददाताओं से संक्षिप्त बातचीत में गोगोई ने कहा, 'मैं संभवतः बुधवार को बाकी पेज 8 पर

## नौसेना में महिला अधिकारियों के लिए स्थायी कमीशन मंजूर

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 मार्च।



नौसेना में पुरुष और महिला अधिकारियों के साथ समान व्यवहार किए जाने पर जोर देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नौसेना में महिला अधिकारियों के लिए स्थाई कमीशन को मंजूरी दे दी। न्यायमूर्ति धनंजय वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी के पीठ ने कहा कि देश की सेवा करने वाली महिला अधिकारियों को स्थाई कमीशन देने से इनकार करने के 101 बहाने नहीं हो बाकी पेज 8 पर

## भारत ने चीन व पाक का साझा बयान खारिज किया

नई दिल्ली, 17 मार्च (भाषा)।

भारत ने चीन और पाकिस्तान के संयुक्त बयान में जम्मू-कश्मीर के जिक्र को लेकर मंगलवार को दोनों देशों की आलोचना करते हुए कहा कि वह दूसरे देशों से उम्मीद करता है कि वे उसके आंतरिक मामलों पर टिप्पणी न करें और उसकी संप्रभुता का सम्मान करें।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और पाकिस्तान के उनके समकक्ष आरिफ अल्वी के बीच मंगलवार को बेजिंग में हुई वार्ता के दौरान कश्मीर मुद्दा उठा। इस पर चीन ने कहा कि वह मौजूदा हालात पर पूरा ध्यान दे रहा है।

चीन के विदेश मंत्रालय की वेबसाइट पर जारी एक संयुक्त बयान में बाकी पेज 8 पर

**असर** वृद्धि दर घटकर 5.3 फीसद रहेगी

## मूडीज ने भारत की वृद्धि दर का अनुमान घटाया

नई दिल्ली, 17 मार्च (भाषा)।

रेटिंग एजंसी मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने कोरोना वायरस के अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले असर को देखते हुए 2020 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान घटाकर मंगलवार को 5.3 फीसद कर दिया।



**एजंसी** ने मंगलवार को कहा कि कोरोना वायरस का संक्रमण तेजी से फैलने का टीकठाक आर्थिक असर होगा। प्रभावित देशों में इससे घरेलू मांग पर असर हो रहा है, आपूर्ति श्रृंखला बाधित हो रही है और एक देश से दूसरे देश में होने वाला व्यापार घट रहा है।

मूडीज ने इससे पहले फरवरी में कहा था कि 2020 में भारत की जीडीपी 5.4 फीसद की रफ्तार से वृद्धि कर सकती है। हालांकि यह भी पहले के 6.6 फीसद के अनुमान से घटाया गया था। एजंसी ने मंगलवार को कहा कि कोरोना वायरस का संक्रमण तेजी से फैलने का टीकठाक आर्थिक असर होगा। प्रभावित देशों में इससे घरेलू मांग पर असर हो रहा है, आपूर्ति श्रृंखला बाधित हो रही है और एक देश से दूसरे देश में होने वाला व्यापार घट रहा है। मूडीज ने कहा कि ये व्यवधान जितना लंबा खिंचेंगे, वैश्विक आर्थिक मंदी का जोखिम उतना अधिक होगा। एजंसी ने 2021 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 5.8 फीसद रहने का अनुमान व्यक्त किया। उसने कहा- कई सरकारों और केंद्रीय बैंकों ने बाकी पेज 8 पर




www.readwhere.com



**सन्नाटा** कोरोना वायरस से सुरक्षा के मद्देनजर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने दिल्ली के सफदरजंग के मकबरे का प्रवेश बंद कर दिया है। फोटो : अरुष चोपड़ा

### विधानसभा की विशेष समिति को मिली 504 शिकायतें

# हिंसा में तैरते रहे अशांति फैलाने के संदेश

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 मार्च।

दंगों के दौरान दिल्ली में अशांति फैलाने वाले संदेश भी प्रसारित हो रहे थे। विधानसभा की विशेष समिति को ऐसी 504 शिकायतें मिली हैं, जो सीधे तौर पर आम जनता की भावनाओं को आहत करती थीं। मंगलवार को समिति के अध्यक्ष राघव चड्ढा ने कहा कि इसकी जांच की जा रही है और इन मामलों में दोषी पाए जाने वाले लोगों से साथ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नौ ऐसे शिकायतकर्ता हैं जो समिति के समक्ष आने को तैयार हैं।

समिति को अब तक विभिन्न माध्यमों से कुल 7732 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इन शिकायतों में 232 ईमेल व 7500 वाट्सऐप संबंधित शिकायतें मिली हैं। समिति के मुताबिक इन शिकायतों में से कुल 2110 शिकायतों की जांच की जा चुकी है। इनमें से 504 शिकायत ऐसी मिली है जो भावना भड़काने वाली हैं। इन मामलों में समिति उचित कार्यवाही करने की तैयारी कर रही है। 1110 ऐसी शिकायतें मिली जो कि कार्यवाही योग्य नहीं थी। समिति के मुताबिक संबंधित शिकायतकर्ताओं से दो बार पूछताछ की गई है। उनकी शिकायत ली गई है और उस पर जवाब भी दर्ज कराया गया है। अब समिति अगली सुनवाई में समिति दोनों आरोपियों (शिकायकर्ता और जिसके खिलाफ शिकायत) को समन कर मामले की सुनवाई शुरू करेगी। समिति के मुताबिक जिनती भी गंभीर शिकायतें हैं उन सभी मामलों में आने वाले शिकायतकर्ताओं और आरोपियों को सम्मन के बाद विस्तृत रिपोर्ट ली जाएगी। तय प्रावधानों के तहत ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही का प्रावधान है। इसमें तीन साल तक की कैद की भी सजा है।

**विधानसभा की शांति व सद्भाव समिति गठित**

दिल्ली विधानसभा ने शांति व सद्भाव के लिए नौ सदस्य वाली एक विशेष समिति का अध्यक्ष विधायक राघव चड्ढा को बनाया है। समिति के गठन के आदेश विधानसभा सचिव सी. वेलमुरूगन ने जारी किए हैं। समिति किसी भी उपद्रव की स्थिति में शांति व सद्भाव संबंधित कार्यों के लिए गठित की जाती है।

**वक्फ बोर्ड ने दंगा पीड़ितों को दिए दो-दो लाख की सहायता राशि**

*शिव विहार* के दंगा पीड़ितों को दिल्ली वक्फ बोर्ड ने दो– दो लाख रुपए की सहायता राशि उपलब्ध कराई है। शिव विहार निवासियों ने मंगलवार को बोर्ड अध्यक्ष अमानतुल्लाह खान ने मुलाकात की थी। बोर्ड की तरफ से इन परिवारों को पुनः कारोबार करने के लिए दो–दो लाख की सहायता राशि दी गई है। पीड़ितों में शिव विहार फेस 7 के निवासी राम वरण, मुकेश और जगदीश शामिल हैं। इनकी परचून की दुकान थी, जिसमें लूट मार की गई और फर्नीचर तोड़ दिया गया। जबकि मुकेश की मिष्ठान की दुकान थी और जगदीश का घर लूट लिया गया। इस अवसर पर लक्ष्मी नगर से पूर्व 'आप' विधायक नितिन त्यागी भी मौजूद रहे थे।

# मुफ्त छिड़काव के फैसले के बाद आगे आए वाहन चालक

### सार्वजनिक वाहनों को विषाणुमुक्त करने की पहल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 मार्च।

कोरोना संक्रमण का डर दिल्ली के यात्रियों में भी है। इसे दूर करने के लिए सार्वजनिक परिवहन में भी संक्रमण रोकने के लिए दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है। इन गाड़ियों को संक्रमण फ्री होने का एक प्रमाणपत्र भी सरकारी एजंसियां जारी कर रही हैं। मुफ्त प्रावधान होने की वजह से बड़ी संख्या में वाहन चालक इस मुहिम से जुड़ रहे हैं। मंगलवार को पहले दिन पहली पाली में 1751 सार्वजनिक वाहन को संक्रमण मुक्त किया गया।

कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए डीटीसी और क्लस्टर बसों के साथ-साथ मेट्रो की भी दैनिक आधार पर साफ–सफाई की जा रही है। सभी आइएसबीटी को भी रोजाना विषाणुरहित किया जा रहा है। इसमें विशेष रूप से प्लेटफार्म और सामान्य सतहों जैसे हाथ की रेलिंग, सीटें आदि शामिल है।



ऑटो और टैक्सियों पर विषाणुनाशक दवा का छिड़काव करता एक व्यक्ति।

इसी प्रकार सार्वजनिक परिवहन से संबंधित वाहन जैसे ऑटो–रिक्शा, ग्रामीण सेवा, मैक्सी कैब, इको–फ्रेंडली सेवा आदि को संक्रमण से बचाया जा रहा है। इसमें 1182 ऑटो–रिक्शा और 194 ई–रिक्शा शामिल हैं।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस विशेष अभियान के संबंधित में सरकार को आदेश जारी किए थे। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत व्यक्तिगत रूप से इस अभियान की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने सलाह दी है कि हर किसी को अपने वाहन को हर दिन संक्रमण मुक्त करना चाहिए हालांकि यह सेवा सभी के लिए अनिवार्य नहीं है। इससे काफी हद तक संक्रमण को फैलने से रोका जा सकता है और खतरनाक बीमारी से बच सकते हैं।

## वेस्ट टू वंडर पार्क और नंदन वन 31 तक बंद

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 मार्च।

कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए वेस्ट टू वंडर पार्क और नंदन वन 31 मार्च तक बंद रहेंगे। दक्षिणी निगम ने कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए मंगलवार को बचाव उपायों की समीक्षा बैठक करते हुए यह फैसला लिया। मेयर सुनीता कांगड़ा ने कहा कि हम स्थिति पर नज़र बनाए हुए हैं। इस मौके पर स्थाई समिति अध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता ने भी मेयर के साथ जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक में भाग लिया। कांगड़ा ने यह बताया कि हमारे मेडिकल स्टाफ, जिसमें डॉक्टर, नर्स व हैल्थ वकर्रों को 24 घंटे दिल्ली सरकार के कॉरनटाइन सेंटर पर तैनात किया गया है।

# दंगा प्रभावित इलाकों में बढ़ाया जाए पुलिस बल : सिसोदिया

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 मार्च।

दिल्ली सरकार में उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने उत्तर पूर्व दिल्ली के दंगा प्रभावित इलाकों में चल रहे राहत कार्यों में तेजी लाने के आदेश दिए हैं। उप मुख्यमंत्री ने मंगलवार को कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने दंगा प्रभावित इलाकों में पुलिस बल बढ़ाने की बात कही है। बैठक में स्वस्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन, उत्तर पूर्वी जिले के जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारियों एवं राजस्व जिला अधिकारी समेत दिल्ली पुलिस के संयुक्त पुलिस आयोग उपस्थिति थे।

मनीष सिसोदिया ने बताया कि अब दंगा प्रभावित परिवार अपने घरों में वापस जाने की तैयारी में हैं। वह पिछले कुछ सप्ताह से राहत शिविरों में थे। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से अधिक पुलिस बलों की तैनाती के निर्देश दिए हैं ताकि बिना किसी भय के लोग अपने घरों में लौट सके। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत जरूरी है कि दंगा प्रभावित इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था और



मजबूत की जाए। पुलिस के इस कदम के द्वारा लोगों में जो भय बना हुआ है वह समाप्त होगा। उन्होंने सहायता शिविरों में बाहरी लोगों की आवाजाही की रोकने के लिए सुरक्षा इंतजामों को और मजबूत करने के लिए नागरिक सुरक्षा संगठन नियुक्त करने पर भी जोर दिया।

उपमुख्यमंत्री ने मुआवजा प्रक्रिया को भी जल्द से जल्द पूर्ण करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित फार्म में दंगा पीड़ितों की जो कमियां हैं इन्हें शीघ्र दूर किया जाए और दोहरे फार्म की छंटनी की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण करें। फॉर्म के सत्यापन की प्रक्रिया तेज करें।

# कोरोना : पूर्वी निगम में सभी समारोह की बुकिंग रद्द

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 मार्च।

पूर्वी निगम में कोरोना वायरस का प्रकोप बढ़ता है तो स्वामी दयानंद अस्पताल के प्राइवेट वार्ड के सभी 10 कमरों को एक अलग वार्ड में परिवर्तित कर दिया जाएगा। स्थाई समिति अध्यक्ष एवं स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष संदीप कपूर और स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष सचिन कपूर ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी।

इसके साथ ही निगम क्षेत्र में स्थापित समुदाय भवनों, बैंक्वेट हॉल आदि में होने वाले समारोह की सभी बुकिंग रद्द कर दी गई है। कुल 284 बुकिंग निरस्त की गई है। कपूर ने कहा कि पूर्वी निगम में केंद्र सरकार के दिशा निर्देशों का अनुपालन किया जा रहा है। दो समुदाय भवनों को आवश्यकतानुसार अलग वार्ड में तब्दील किया जा सकता है। समिति के अध्यक्ष सचिन शर्मा ने कहा कि पूर्वी निगम से निगम क्षेत्र में स्थापित सभी बैंक्वेंट हाल, होटल, रेस्टोरेंट को दिशानिर्देश दिए गए हैं कि वे प्रवेश द्वार पर हाथ धोने अथवा रोगाणुनाशक द्रव्य की व्यवस्था करें अन्यथा उनपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फरवरी से अभी तक चीन, थाइलैंड, जापान, सिंगापुर से 390 विदेशी यात्री पूर्वी निगम क्षेत्र में आए हैं जिनमें से अधिकतर वापस जा चुके हैं। वहीं, उत्तरी दिल्ली के मेयर अवतार सिंह ने कश्मीरी गेट स्थित हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं को मास्क बांटे व दवा सोडियम हाइपोक्लोराइट का छिड़काव किया।

### सेवानिवृत्त लिपिक ले रहे सरकारी आवास का आनंद

# दिल्ली सरकार ने घर खाली करने को कहा

*लोक* निर्माण विभाग ने जारी किए हैं आदेश

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 मार्च।

दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों में तैनात कर्मचारियों ने अपने–अपने विभागों से सेवानिवृत्त होकर विदाई तो ले ली है लेकिन अब तक सरकारी आवास को नहीं छोड़ा है।

दिल्ली सरकार ने इन सभी विभागों के कर्मचारियों को आदेश दिए हैं कि वे तत्काल सरकारी घरों को खाली करें। दिल्ली सरकार की विशेष सचिव गरिमा गुप्ता ने इस बाबत आदेश जारी किए हैं। दिल्ली सरकार अपने कर्मचारियों की बेहतर सुविधाओं के लिए उन्हें आवास सुविधाएं उपलब्ध कराती है। ये आवास सुविधाएं विभिन्न श्रेणी में है और इनमें टाइप वन, टू और थ्री श्रेणी के आवास है। संबंधित कर्मचारियों की कार्य श्रेणी के अनुसार ही सरकार इन आवास का आबंटन करती है। इस सूची में टाइप–वन के गुलाबी बाग 27 आवासीय परिसर, टाइप –टू के 49 और टाइप–थ्री के 11 आवासीय परिसर शामिल हैं। हाल ही में यह सामने आया था कि दिल्ली सरकार के बहुत सारे ऐसे कर्मचारी हैं जो सेवानिवृत्त हो चुके हैं। लेकिन इन कर्मचारियों ने अपने आवास खाली नहीं किए हैं। इस वजह से लोक निर्माण विभाग को काफी परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। इसके बाद एक विस्तृत जांच रिपोर्ट बनाकर ऐसे आवास की एक सूची जारी की गई है। इस सूची के मालिकों को हाई कोर्ट के आदेशों को हवाला देते हुए कहा गया है कि वे तत्काल इन आवासीय परिसरों को खाली करें ताकि इसके बाद अन्य कर्मचारियों को घरों का आबंटन किया जा सके।

इन आदेशों की प्रति को लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता, उपसचिव भवन आबंटन, सभी संबंधित अभियंता व कनिष्ठ अभियंताओं को भेजी गई है।

**बजाज आलियान्ज़ लाइफ़ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय: बजाज आलियांज हाउस, एयरपोर्ट रोड, येरवडा, पुणे - 411006.
फोन: 020 66026777, फैक्स: 020 66026789

**सार्वजनिक सूचना**

बजाज आलियान्ज़ लाइफ़ इंश्योरेंस के पॉलिसीधारकों को यह सूचित किया जाता है, कि हाल ही में जो उत्तर पूर्वी दिल्ली दंगों से प्रभावित हुए है, उनके लिए दावा दिशानिर्देशों को सरल/आरामदायक किया गया है

नामांकित या कानूनी उत्तराधिकारी द्वारा जमा किए जाने वाले न्यूनतम दस्तावेजों को नीचे उल्लिखित किया गया है:
1) ऐसे मामलों में जहां जन्म और मृत्यु को रजिस्ट्रार द्वारा जारी किया गया मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं हो, कंपनी सरकारी अस्पतालों या पुलिस या दिल्ली के सरकारी अधिकारियों या बचाव अभियान में शामिल आर्म फ़ोर्स द्वारा सुनिश्चित जीवन बीमित की प्रमाणित सूची को स्वीकार करेगी
2) NEFT को सक्षम करने के लिए बैंक विवरण के साथ नामांकित/कानूनी उत्तराधिकारी (पहचान पत्र और पता प्रमाण) का KYC
3) मृत/गुमशुदा जीवन बीमित का फ़ोटो

**किसी भी सहायता के लिए, कृपया दीपक गुप्ता से संपर्क करें**
बजाज आलियान्ज़ लाइफ़ इंश्योरेंस कंपनी, युनिट नं- 716-721 और 742,7वा माला, प्लॉट नं.-4, DLF टॉवर, शिवाजी मार्ग, मोती नगर, नई दिल्ली-110015
**ईमेल** - deepak.gupta012@bajajallianz.co.in | **फोन** - 011 - 66277034

U. T. Administration of Dadra & Nagar Havel and Daman & Diu, Office of the Chief Engineer, Public Works Department, Moti Daman, Daman. 396 220.
No. SE/PWD/EST/DB-ND/2019-20/396 Dated: 16.03.2020

**WALK-IN-INTERVIEW (on Contract basis)**

Public Works Department, UT of Daman & Diu invites application from eligible candidates who fulfil the educational qualifications and other criteria for 01 (one) post of Resident Civil Engineer at Delhi on short term contract basis.

The walk in interview will be conducted on **03.04.2020** between **11:00 AM to 12:30 PM** in the office of the Deputy Resident Commissioner, Daman Bhawan, Chanakyapuri, New Delhi.

For details and downloading of application format please visit official website **www. daman.nic.in**

**(B. C. Warli)**
**Chief Engineer, PWD, Daman.**




www.readwhere.com

## कोरोना से जंग

अब दुनिया का कोई महाद्वीप नहीं बचा है जहां कोरोना वायरस न पहुंच चुका हो। ज्यादातर देश अब इस महामारी का सामना कर रहे हैं और संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहे। जिस तेजी से यह वायरस और देशों में फैलता जा रहा है, उससे लग रहा है कि इस महामारी से निपट पाना फिलहाल आसान नहीं है। यूरोप और अमेरिका के बाद अब तंजानिया, सोमालिया से लेकर लाइबेरिया और बेनिन जैसे अफ्रीकी देशों में कोरोना संक्रमित मरीजों की पुष्टि हो चुकी है। सभी अफ्रीकी देशों ने अपनी सीमाओं को बंद कर दिया है, ताकि पूरे महाद्वीप में इस महामारी को फैलने से रोका जा सके। पिछले एक हफ्ते में इक्कीस अफ्रीकी देशों में कोरोना संक्रमित मरीजों का पता चला है। इटली और स्पेन में जिस तेजी से लोग मर रहे हैं, वह चिंताजनक है। स्पेन में मरने वालों का आंकड़ा पांच सौ और इटली में एक हजार से ज्यादा हो चुका है। फ्रांस, जर्मनी भी इससे अछूते नहीं हैं। हालात बता रहे हैं कि चीन के बाद सबसे ज्यादा कहर यूरोप में बरपा है। दुनिया का सबसे ताकतवर और हर तरह की संपन्नता का दावा करने वाले अमेरिका की हालत भी खराब है, जहां अब तक साठ से ज्यादा लोग इस वायरस संक्रमण से मर गए और तीन हजार से ज्यादा लोग संक्रमित हैं।

समस्या ज्यादा गंभीर इसलिए हो रही है कि न तो इस बीमारी का इलाज पता है, न अभी तक इसकी दवा कोई बन पाई है, सब कुछ बचाव संबंधी उपायों पर ही निर्भर है। भारत में हालांकि रोजाना कोरोना के नए मामले सामने आ रहे हैं और देश में अब तक तीन लोगों की इस संक्रमण से मौत हो चुकी है। संक्रमित लोगों और मृतकों की संख्या अभी बड़ी भले न हो, लेकिन सबसे बड़ी चुनौती इसे फैलने से रोकने की है। अभी तक कोरोना संक्रमण के ज्यादातर मामले उन्हीं लोगों में पाए गए हैं जो उन देशों से लौटे हैं जहां कोरोना फैल चुका है। इसलिए सरकार का सबसे ज्यादा जोर दूसरे देशों से आने वाले लोगों को रोकने और संदिग्ध मरीजों की आवाजाही पर सख्ती से रोक लगाने पर है। यूरोपीय देशों, तुर्की, ब्रिटेन, फिलीपीन, मलेशिया जैसे देशों से लोगों के भारत आने पर पाबंदी लगा दी गई है।

केंद्र और राज्य सरकारों के स्तर पर इस संकट से निपटने के लिए बचाव के जो उपाय किए जा रहे हैं, उनसे इस वायरस को फैलने से एक हद तक रोकने में मदद मिलेगी। जैसे देशभर में सभी शिक्षण संस्थानों को बंद कर दिया गया है, ज्यादातर शहरों में सिनेमाघर, मॉल, जिम आदि को बंद कर दिया गया है, ताकि किसी एक जगह पर भीड़भाड़ न हो। देश के सभी ऐतिहासिक स्मारकों को बंद कर दिया गया है। दिल्ली में तो किसी भी तरह के आयोजन में पचास से ज्यादा लोग एक स्थान पर जमा नहीं हो पाएंगे। इस तरह के सख्त कदमों को लेकर लोगों को परेशानी जरूर हो सकती है और ये कदम बेतुके भी लग सकते हैं, लेकिन बचाव के लिए ये जरूरी भी हैं और लोगों को इनका पालन करने में सहयोग भी करना चाहिए। अगला एक महीना हर तरह से सभी के लिए ज्यादा चुनौती भरा है। अभी भारत में ईरान, इटली जैसे हालात इसलिए नहीं बने हैं कि संदिग्धों की जांच और उन्हें सबसे अलग रखने का बड़ा और जरूरी कदम उठाया गया है। कोरोना से निपटने में लगे वैज्ञानिकों, चिकित्सकों और बचाव दलों की चिंता यही है कि जिन लोगों में संक्रमण का संदेह है, उनका पता चल सके और जांच हो सके।

## स्त्री का हक

एक महीने के भीतर यह दूसरा मौका है जब स्त्री और पुरुष के बीच बराबरी की मांग पर आधारित एक अहम लड़ाई को बड़ी कामयाबी मिली है। पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट ने सेना में शॉर्ट सर्विस कमीशन के तहत आने वाली महिला अफसरों को स्थायी कमीशन पाने का हकदार होने के पक्ष में फैसला दिया था। अब नेवी यानी नौसेना में भी अदालत ने महिलाओं के हक में फैसला सुनाते हुए साफ लहजे में कहा कि जब केंद्र सरकार ने एक बार महिला अधिकारियों की भर्ती के लिए वैधानिक अवरोध हटा दिया तो उसके बाद नौसेना में महिलाओं को स्थायी कमीशन प्रदान करने में लैंगिक भेदभाव नहीं किया जा सकता। यों इसके पहले महिलाओं की भर्ती को लेकर जिस तरह के अवरोध थे, वे भी महज सामाजिक पूर्वाग्रहों पर आधारित थे और उसे हटाना एक सभ्य और लोकतांत्रिक समाज की जिम्मेदारी थी। लेकिन जब उन अवरोधों पर विचार करके उन्हें खत्म किया गया, तो लैंगिक स्तर पर भेदभाव वाली परंपरा को कायम रखने का कोई मतलब नहीं था। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने अगर ऐसे आग्रहों को मानने से इनकार किया और बराबरी के हक में फैसला दिया तो इसे व्यवस्था में बदलाव को जगह देने की प्रक्रिया कहा जा सकता है।

विडंबना यह है कि एक लोकतांत्रिक और विकासमान समाज में जहां सरकारों और समूचे सत्ता-संस्थानों को अपनी ओर से सामाजिक गैर-बराबरी के पैमानों को खत्म करके समानता आधारित समाज की जमीन मजबूत करने की पहलकदमी करनी चाहिए, वहीं कई बार इसके खिलाफ दलीलें पेश करके जड़ता और यथास्थिति बनाए रखने की कोशिश की जाती है। पहले सेना में और फिर नौसेना में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने के मसले पर सरकार ने जैसा संकीर्ण रुख अपनाया, वह अफसोसजनक है। अदालत में सरकार ने महिलाओं को स्थायी कमीशन देने का विरोध करने के लिए सामाजिक स्तर पर पारंपरिक मानसिकता, पूर्वाग्रहों का ही हवाला दिया! मसलन, सरकार का कहना था कि रूसी जहाजों में महिलाओं के लिए शौचालय नहीं होने की वजह से नौसेना में महिलाओं को समुद्री ड्यूटी नहीं दी जा सकती। सवाल है कि किसी व्यक्ति या महिलाओं को अवसर देने के लिए कसौटी के तौर पर किसी जहाज में ढांचागत कमी और संसाधनों के अभाव को बहाना कैसे बनाया जा सकता है? अदालत ने भी इस पर हैरानी जताई और कहा कि सशस्त्र बलों में लैंगिक समानता नहीं देने के लिए एक सौ एक बहाने नहीं हो सकते।

यों भी महिलाओं ने मौका मिलने पर अमूमन हर मोर्चे पर अपनी शारीरिक और मानसिक क्षमताओं के साथ यह साबित किया है कि वे किसी भी मामले में कमतर नहीं हैं, बल्कि बेहतर ही हैं। ऐसे में खुद सरकार की ओर से महिलाओं को महज स्थायी कमीशन से वंचित रखने के लिए उनकी शारीरिक सीमाओं का हवाला देना विचित्र दलील थी। इसलिए स्वाभाविक ही शीर्ष अदालत ने केंद्र की दलील को सीधे तौर पर लैंगिक रूढ़ियों का मामला बताते हुए कहा था कि सामाजिक और मानसिक कारण बता कर महिला अधिकारियों को अवसर से वंचित रखना बेहद भेदभावपूर्ण रवैया है और यह बर्दाश्त के काबिल नहीं है। इसके पहले भी सरकार ने ज्यादातर पुरुष सैनिकों के ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने और उनके किसी महिला के आदेश के तहत काम करने की मुश्किलों का हवाला दिया था। लेकिन क्या ये प्रश्न महज प्रशिक्षण की कामयाबी या नाकामी से जुड़े हुए नहीं हैं? प्रतिकूल स्थितियों का सामना करने के मकसद से क्षमता का विकास, अभ्यास और कौशल से लेकर पिछड़ी सोच वाले पुरुषों के भीतर लैंगिक बराबरी का मानस तैयार करना बहुस्तरीय प्रशिक्षण से संभव है। यथास्थिति बनाए रख कर ऐसी मानसिकता और पूर्वाग्रह में कोई बदलाव नहीं लाया जा सकता।

### कल्पमेधा

अगर घरों में अतिथि का सत्कार नहीं हो,
तो वे श्मशान बन जाएंगे।
- ख़लील जिब्रान

# ज्ञान-विज्ञान की जननी संस्कृत



रमेश पोखरियाल 'निशंक'

**प्राचीन भारत के ही एक प्रसिद्ध गणितज्ञ और ज्योतिषी भास्कराचार्य द्वितीय ने गुरुत्वाकर्षण शक्ति की खोज की थी, कालांतर में जिसे पूरी दुनिया ने जाना। संस्कृत की दर्शन परंपरा में संसार में सर्वाधिक चिंतन मनन हुआ। इसी दर्शन परंपरा में महान दार्शनिक कपिलमुनि ने सांख्य दर्शन का प्रतिपादन किया। ऋषि कणाद वैशेषिक दर्शन के प्रवर्तक थे। उन्होंने भौतिक विज्ञान पर भी काम किया और उनका परमाणु आविष्कार प्रसिद्ध है।**

संस्कृत विश्व की सबसे प्राचीन भाषा है और यह भारत की संस्कृति का मूल आधार भी है। इसीलिए संस्कृत को भारत की आत्मा कहा जाता है। यह भाषा ही समस्त भारतवर्ष को एकसूत्र में बांध कर रखती है। संस्कृत दुनिया की प्राचीनतम भाषा ही नहीं, अपितु संसार के ज्ञान-विज्ञान और अनुसंधान का अक्षय स्रोत है। जो विपुल ज्ञान भंडार संस्कृत में है, उसे देश की प्रगति और मानवता के कल्याण के लिए उपयोग में लाया जा सकता है। संस्कृत के बारे में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी पुस्तक 'डिस्कवरी ऑफ इंडिया' में लिखा कि 'यदि कोई मुझसे पूछता है कि भारत के पास बहुमूल्य खजाना क्या है और इसके पास सबसे बड़ी धरोहर क्या है, तो मैं बेहिचक कह सकता हूं कि वह खजाना संस्कृत भाषा और उसमें निहित समस्त वांगमय है। यह एक महत्त्वपूर्ण विरासत है। यह जब तक सक्रिय रहेगी और हमारे सामाजिक जीवन को प्रभावित करेगी, तब तक भारत की आधारभूत बुद्धिमत्ता बनी रहेगी।' संस्कृत के बारे में इंग्लैंड के विद्वान और एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल के फोर्ट विलियम के न्यायाधीश सर विलियम जोन्स ने 1786 में कहा था कि संस्कृत भाषा की प्राचीनता जो भी हो, यह एक अद्भुत संरचना है। यह ग्रीक भाषा से अधिक परिपूर्ण, लैटिन भाषा से अधिक समृद्ध और इन दोनों की अपेक्षा अधिक शुद्ध और मनोहारी है। संस्कृत भाषा के विषय में इसी प्रकार से विश्व के महान विद्वानों ने अपने उद्गार व्यक्त किए हैं और इसके ज्ञान-विज्ञान को संपूर्ण विश्व के लिए विशेष उपकारी अमूल्य धरोहर माना है।

विश्व में भारत की संस्कृत परंपरा विशिष्ट एवं प्राचीनतम है। संस्कृत की इसी परंपरा में प्राचीन भारत के विख्यात चिकित्सक आयुर्वेदाचार्य चरक ऋषि हुए, जिन्होंने ईसा के तीन सौ वर्ष पूर्व रक्त प्रभाव आदि के संबंध में अपनी विशिष्ट व्याख्याएं प्रस्तुत की हैं। इसका मतलब यह है कि सदियों पहले जो ज्ञान और विज्ञान दुनिया में फैला या ज्ञात हुआ, वह प्राचीनतम काल से हमारी संस्कृत परंपरा में विद्यमान था। विलियम हार्वे को विश्व इसका प्रथम प्रस्तोता कहता है। वैदिक युग की विशिष्ट उपलब्धि चिकित्सा के क्षेत्र में रही है। संस्कृत के आयुर्वेदाचार्यों ने शरीर का सूक्ष्म से सूक्ष्म अध्ययन अपने ग्रंथों में प्रस्तुत किया है, जिसे अभी 'पोस्टमार्टम' कहा जाता है। शरीर में सूक्ष्म जीवों की उपस्थित तथा रोग पैदा करने वाले आनुवंशिक कारकों के सिद्धांत का उन्हें विशिष्ट ज्ञान था। संपूर्ण दुनिया में सुश्रुत को 'शल्य-चिकित्सा' का जनक माना जता है। उन्होंने ही त्वचारोपण (प्लास्टिक सर्जरी) की शल्य क्रिया का विकास किया। प्राचीन भारत की जो चिकित्सा संपदा है, उसी को चरक ऋषि ने आयुर्वेद कहा है और इसी को उन्होंने अपनी 'चरक-संहिता' में विस्तृत रूप से प्रतिपादित किया है।



वैदिक ऋषियों द्वारा प्राकृतिक वातावरण पर विस्तृत चिंतन किया गया है, जिसमें प्रकृति संवर्धन, संरक्षण, प्रकृति के साथ समन्वय, मौसम परिवर्तन की चुनौतियां आदि विशेष सम्मिलित हैं। दुनिया में जो गणित है, जो रेखा गणित और ज्यामिति है, इसका पर्याप्त विकास सबसे पहले यदि दुनिया में हुआ तो वह वैदिक युग में भारत में हुआ। वैदिक काल के लोग खगोल-विज्ञान का पर्याप्त ज्ञान रखते थे और संस्कृत भाषा से यह ज्ञान पूरी दुनिया ने लिया। वैदिक भारतीय वैज्ञानिकों को सत्ताईस नक्षत्रों का ज्ञान था। उनमें वर्ष, महीने और दिन के रूप में समय का विभाजन करने की पूरी ताकत और क्षमता थी। आचार्य लगध नाम के ऋषि वैज्ञानिक ने लगभग 1352 ईसा पूर्व में 'ज्योतिष वेदांग' में तत्कालीन खगोलीय ज्ञान को व्यवस्थित किया था। भारत के प्राचीन गणितज्ञ बोधायन ने लगभग 1200 ईसा पूर्व में जिस प्रमेय की व्याख्या की है, उसको आज सारी दुनिया स्वीकार करती है। महान ज्योतिर्विद और गणितज्ञ आर्यभट्ट भी इसी धरती पर पैदा हुए और संस्कृत-संस्कृति को उन्नत किया। आर्यभट्ट ने 400 ईस्वी में दशमलव दिया। महर्षि भारद्वाज ने विश्व में सर्वप्रथम विमान विद्याविषयक ग्रंथ की रचना की थी, जिस पर दुनिया की विशिष्ट संस्थाओं द्वारा बहुत सारे अनुसंधान और शोध किए जा चुके हैं। वैदिक काल में भारत में बीजगणित, ज्यामिति, रेखागणित, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र और खगोल शास्त्र आदि का विकास उत्कर्ष पर था। भारत के ऋषि-मुनि और आचार्य उस समय के महान वैज्ञानिक थे। प्राचीन भारत के ही एक प्रसिद्ध गणितज्ञ और ज्योतिषी भास्कराचार्य द्वितीय ने गुरुत्वाकर्षण शक्ति की खोज की थी, कालांतर में जिसे पूरी दुनिया ने जाना। संस्कृत की दर्शन परंपरा में संसार में सर्वाधिक चिंतन मनन हुआ। इसी दर्शन परंपरा में महान दार्शनिक कपिलमुनि ने सांख्य दर्शन का प्रतिपादन किया। ऋषि कणाद वैशेषिक दर्शन के प्रवर्तक थे। उन्होंने भौतिक विज्ञान पर भी काम किया और उनका परमाणु आविष्कार प्रसिद्ध है। इससे प्राचीन भारतीय वैज्ञानिकों की दूरदर्शिता परिलक्षित होती है। आचार्य चाणक्य द्वारा प्रतिपादित 'अर्थशास्त्र' दुनिया का सर्वोत्तम ग्रंथ है, जिस पर दुनियाभर में शोध हुए और आज भी हो रहे हैं।

संस्कृत ज्ञान-विज्ञान और अनुसंधान की भाषा है। विद्वानों के मतानुसार भारत में विज्ञान का उदय लगभग पांच हजार वर्ष पूर्व माना जाता है। सिंधु घाटी सभ्यता, हड़प्पा और मोहनजोदड़ो की खुदाई से सिंधु घाटी के लोगों की वैज्ञानिक दृष्टि और वैज्ञानिक उपकरणों के प्रयोगों के प्रमाणों से संस्कृत भाषा की प्राचीनता और समृद्धता का पता चलता है। अनेक खोजें, आविष्कार न केवल देश में, बल्कि पूरी दुनिया में संस्कृत में ही हुए हैं। संस्कृत भाषा से ही विश्व की अनेक भाषाओं की उत्पत्ति हुई है। विश्व की अधिकांश भाषाओं में संस्कृत भाषा के शब्द मिश्रित हैं, जो उनके व्यावहारिक प्रयोग को सरल करने में सहायक हैं। संस्कृत भाषा हमारी भारतीय भाषाओं को भी बहुत सशक्त करती है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 251 में स्पष्टतः उल्लेख है कि 'हम भारतीय भाषाओं को सशक्त करेंगे और भारतीय भाषाओं के विकास और समृद्धि के लिए संस्कृत अहम भूमिका निभाएगी।'

यह संस्कृत की ही विशिष्टता और सुंदरता है कि यदि संस्कृत में 'आकाशम' बोलते हैं, तो हिंदी में 'आकाश', तेलुगु में 'आकाशमु' और कन्नड़ में 'आकाशवु' बोलते हैं। इसी प्रकार संस्कृत में यदि 'भूमिः' बोलते हैं, तो हिंदी, तेलुगु और कन्नड़ में भी 'भूमि' ही बोलते हैं। यदि संस्कृत में 'नमस्कारः', तो हिंदी में 'नमस्कार' तेलुगु में 'नमस्कारमु', कन्नड़ में 'नमस्कार' और उड़िया में भी 'नमस्कार' ही बोलते हैं। यदि संस्कृत में 'प्रसादः' बोलते हैं, तो हिंदी में 'प्रसाद', तेलुगु में 'प्रसादमु', कन्नड़ और उड़िया में भी 'प्रसाद' ही बोलते हैं। इस प्रकार से सभी भारतीय भाषाओं में साठ से सत्तर फीसद तक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से संस्कृत समाहित है। उड़िया भाषा में जो क्रिया-पद हैं, वे मूलतः संस्कृत भाषा मूलक हैं। संस्कृत में यदि 'कुर्वन्ति' बोलते हैं, तो उसी को उड़िया में 'करुद्धन्ति' बोलते है। संस्कृत में यदि 'धरन्ति' बोलते हैं तो उड़िया में 'धरुद्धन्ति' बोलते हैं। संस्कृत में 'कथयन्ति' बोलते हैं तो उड़िया में 'कहूद्धन्ति' बोलते हैं। इस प्रकार अनुसंधान पूर्वक देखने पर संस्कृत भाषा का विपुल शब्द भंडार भारतीय भाषाओं में दृष्टिगोचर होता है।

संस्कृत से अन्य भारतीय भाषाओं की तुलना करने पर अनेक मौलिक समानताओं को देखा जा सकता है। इस तथ्य को वैश्विक संदर्भ में देखने पर संस्कृत की अनेक पाश्चात्य भाषाओं में अंतः समानताएं ज्ञात होती हैं। तुलनात्मक भाषा विज्ञान के अध्ययन में विद्वानों ने संस्कृत की ग्रीक, लैटिन आदि भाषाओं से समानता को प्रदर्शित किया है और संस्कृत भाषा को ही तुलनात्मक भाषा विज्ञान का जनक माना है। अंग्रेजी और संस्कृत में भी की अनेक समानताएं स्पष्टतः दिखाई देती हैं, जिनके आधार पर संस्कृत से अंग्रेजी की उत्पत्ति मान सकते हैं। जैसे मां को संस्कृत में 'मातर' बोलते हैं तो अंग्रेजी में उसी को 'मदर' बोलते हैं। बेटी को संस्कृत में 'दुहितर' बोलते हैं, तो अंग्रेजी में 'डॉटर' बोलते हैं। इस प्रकार से देखा जाए, तो दुनिया की दर्जनों भाषाओं में संस्कृत का विपुल शब्द भंडार व्याप्त है।

*(लेखक केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री हैं।)*

# खौफ की हवा

संगीता कुमारी

यह सत्य है कि हम कितने भी खुशहाल और तंदुरस्त रहें, मगर पड़ोसी अगर बीमार, आतंकी या संक्रामक बीमारी से ग्रस्त हो तो हमारे घर पर भी दूषित हवाओं का कुछ असर अवश्य दिखाई देगा। पड़ोसी नापसंद हो तो घर बदला जा सकता है, मगर जब देश की बात होती है, तब पड़ोसी को बदला नहीं जा सकता। उसे केवल समझाने और सुधारने का प्रयास ही किया जा सकता है। जब तक जीवन है, तब तक मनुष्य अपनी बुद्धि से किए गए अपने नए-नए प्रयोगों से साबित करता रहेगा कि वह जानवरों से अधिक बुद्धिमान है। प्रयोग सकारात्मक और नकारात्मक, दोनों होते हैं। यह तो व्यक्ति पर निर्भर करता है कि वह क्या करना चाहता है। उन्हीं में से कुछ नकारात्मक प्रयोग का परिणाम है इबोला, कोरोना जैसे घातक जानलेवा रोग और वायरस!

अब वह समय चला गया जब ऐसा कहा जाता था कि आवश्यकता आविष्कार की जननी है। अब तो बहुत सारे आविष्कार बीमारी फैला कर उपचार के नाम पर धन कमाने के मकसद से किए जाते हैं। आतंक समाप्ति के नाम पर नए-नए हथियारों का आविष्कार आतंक फैलाने के लिए किए जाते हैं। अगर ऐसा नहीं होता तो विश्वभर के वैज्ञानिक क्यों नहीं प्रदूषण के खिलाफ कुछ ऐसा आविष्कार कर लेते, ताकि लोगों का दम नहीं घुटे! छोटे-छोटे बच्चों को स्वच्छ हवा लेने के लिए ऑक्सीजन या मास्क का सहारा नहीं लेना पड़े! स्वच्छ हवा स्वच्छ ही रहती। स्वच्छ हवा को दूषित करने के बाद अब शहरों के अमीर घरानों के घरों में हवा को स्वच्छ करने की मशीन आमतौर पर देखी जा सकती है। यानी प्रकृति की शुद्ध हवा को दूषित करके उसे स्वच्छ करने के लिए धन कमाया जा रहा है। जिसे भी दमा की दिक्कत है, वे लोग रुपए खर्च करके उस मशीन को खरीद सकते हैं। जिस देश में गंगा जैसी पवित्र नदी हो, वहां भी पीने के लिए पानी खरीदना पड़ता है। काश कि कोई ऐसा उपाय किया जाता कि घर-घर, गांव-कस्बे और शहर-शहर में स्वच्छ पेयजल मिलता!

### दुनिया मेरे आगे

ऐसे आविष्कार का क्या फायदा कि बीमारियां बुरी तरह से पैर पसार लें। शहर के शहर उजाड़ दें। आज कोरोना वायरस के कारण लोगों के हृदय में वेदना की टीस जख्म बन रही है। अफसोस कि उस जख्म का इलाज अभी बाकी है। कोई मरीज को स्पर्श नहीं कर सकता! ओह! सोच कर ही दिल दहल उठता है कि चीन के वुहान शहर में कितना खौफ पसर गया था। आतंकवादी बम से प्रहार करके शहर में तबाही मचाते हैं, दहशत का माहौल बनाते हैं। कोरोना ने भी विश्व के ज्यादातर देशों में दहशत मचा रखा है। लोग एक दूसरे से हाथ मिलाने से बच रहे हैं। गले मिलने से परहेज कर रहे हैं। कोरोना 'अदृश्य आतंकवादी' के समान है, जो दिखता नहीं है, मगर उसका हमला बड़ा है। उसमें 'चेन रिएक्शन' यानी एक से दूसरे में फैलने का सिद्धांत काम करता है। कई बार दिमाग में खयाल आता है कि शायद ऐसी बीमारियों के खोजकर्ता पहले बीमारी फैलाते हैं, फिर उसका टीका ईजाद कर विश्व भर के देशों में उसे बेच कर धन कमाते हैं। 'मरता क्या न करता' वाला हाल होकर सभी मुंहमांगी कीमत देकर दवा खरीदने के लिए मजबूर हो जाते हैं। तब बाजारवाद में लोभ का विकराल रूप कितना भयानक दिखता है!

कोराना वायरस की चीन के वुहान शहर से जो यात्रा शुरू हुई थी, वह अब विश्व भर में फैल चुकी है। अब तक कोरोना वायरस के करीब पौने दो लाख मरीजों की पुष्टि हो चुकी है। भारत के अनेक राज्यों में अब तक लगभग सवा सौ मरीजों में कोरोना वायरस की पुष्टि हुई है। इसका इतना घना प्रकोप है कि लोग एक दूसरे से हाथ मिलाने और छूने से भी बच रहे हैं। इस भयानक बीमारी के कारण विदेश से आने वाले भाई-बंधुओं का खुल कर स्वागत नहीं किया जा रहा है, बल्कि उनके ठीक होने तक उनसे दूरी बनाई जा रही है।

कभी प्रदूषण के कारण तो कभी संक्रमित बीमारी के कारण मानव जीवन में समय अंतराल में ग्रहण पड़ जाता है। आखिर ऐसे आविष्कार होते ही क्यों हैं, जिनसे जनता किसी न किसी कारण परेशानी में पड़ जाती है। सकारात्मक और नकारात्मक में भेद करते हुए ही किसी चीज को बनाना चाहिए। वर्तमान समय में विश्व एक बहुत बड़ा कुटुम्ब जैसा हो गया है। एक के घर में लगा छौंका की धौंक पड़ोसी के घर आसानी से पहुंच जाती है। अगर छौंका कुछ ज्यादा ही तीखा हो या जल जाए तो उसकी धमक दूर तक हवा के साथ पहुंच जाती है। कह नहीं सकते कि आतंक तेरे चेहरे के नकाब कैसे-कैसे हैं! कहीं बम, बंदूक, गोली तो कहीं संक्रमण के छोटे-छोटे छल्ले हैं। बेगुनाहों का दर्द आतंक का सीना क्यों नहीं चीरता! छद्म में छिपे को वीरता नहीं, हैवानी कहते हैं। कोरोना जैसे जानलेवा वायरस का फैलना कुदरत से मिले वरदानों के इस्तेमाल की मनमानी हैं, जो समूची पृथ्वी की सुरक्षा के लिए घातक है।

## आईने में समाज

हमारे समाज में दलितों की खेदजनक स्थिति अभी भी आंकड़ों में स्पष्ट है। वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए न्यायपालिका को अपने अधिकारों को बनाए रखने की आवश्यकता है। भारतीय उपमहाद्वीप के लोगों की जिंदगी को संचालित करने वाली जातीय व्यवस्था पिछले करीब दो हजार सालों से ऐसे ही चली आ रही है, लेकिन इस व्यवस्था के भीतर जातियों का बंटवारा तकनीकी-आर्थिक तौर पर और सियासी उठा-पटक की वजह से बदलता रहा है। वर्तमान में ज्वलंत मुद्दा पदोन्नति में आरक्षण को लेकर बहस के बीच है। हालांकि पदोन्नति में आरक्षण मौलिक अधिकारों की श्रेणी में नहीं आता, मगर इस पर विचार करना अति आवश्यक है। अनेक अध्ययनों यह उभर कर सामने आता रहा है कि ग्रामीण से लेकर शहरी इलाकों तक में आज भी छुआछूत विभिन्न स्तरों पर कायम हैं। इसके बरक्स अक्सर ही सरकारी नौकरी के लिए भर्ती परीक्षाओं में आरक्षण को खत्म करने के मुद्दे उठते रहे हैं।

सन 1947 में देश को मिली स्वाधीनता के सात दशक के बाद भी समाज ऊंच-नीच की अमानवीयता और भेदभाव की मानसिकता से ग्रसित है। समाज में व्यवहार के स्तर पर तो बहुत कुछ दिखता है, लेकिन शासकीय विभागों में जितने पद हैं, उनमें दलितों का प्रतिनिधित्व आज भी बहुत कम है। वहीं मलिकाना हक की बात की जाए तो जमीन, उद्योग और साक्षरता में भी प्रतिनिधित्व उतना नहीं है, जितना होना चाहिए। इसी तरह, उच्च शिक्षा में दलितों का हिस्सा बहुत कम है। यह बेवजह नहीं है कि नागरिक अधिकारों तक उनकी आसानी से पहुंच नहीं हो पाती है। दलितों के बीच गरीबी और कुपोषण की स्थिति भयावह है और वे एक बार फिर समाज के हाशिये पर जाते दिख रहे हैं। सन 2018 के आंकड़ों के अनुसार जेलों में सबसे अधिक दलित वर्ग के ही कैदी बंद हैं। दूसरी ओर, कृषि क्षेत्र में व्यापक भेदभाव देखने को मिलता है। दलितों के पास ग्रामीण क्षेत्र में कुल संपदा का महज पांच फीसद है, जबकि जनसंख्या में उनका हिस्सा करीब इक्कीस फीसद है। अमीर और अमीर होते जा रहे हैं, वहीं गरीब और गरीब हो रहे हैं।

इसके अलावा, राष्ट्रीय अपराध रेकार्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार 2001 से 2013 तक दलितों के खिलाफ अत्याचार के 54257 मामले दर्ज थे। हालांकि यह संख्या दर्ज मामलों की हकीकत बताता है। जमीनी स्तर पर तस्वीर ज्यादा त्रासद है। व्यवहार में सच यह है कि आज भी दलितों से कोई सामान बाजार में खरीदने से कतराते है लोग। जातिगत भेदभाव व छुआछूत का आचरण भी परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से मौजूद है। ऐसी स्थिति में न्यायपालिका को ऐसे सख्त कदम उठाने चाहिए, जिससे समाज में वंचित तबकों को उनका अधिकार मिल सके और सौहार्दपूर्ण वातावरण कायम हो सके।

● *करन कुमार खोईया, ग्वालियर, मध्यप्रदेश*

## चेतना पर परदा


'अंधविश्वास का जाल' (लेख, 29 मार्च) पढ़ा। आज जबकि हमारा देश तेजी से विकास कर रहा है, विश्व में हमारे डॉक्टर, इंजीनियर सफलता के झंडे गाड़ रहे हैं, वही आज भी अंधविश्वास की जड़ें कमजोर होने के बजाय और गहरी होती जा रही हैं। इसके प्रमाण हमें अक्सर ही देखने को मिल जाते हैं। जादू-टोना के नाम पर कई मौकों पर इंसानियत को शर्मसार करने वाली तस्वीरें सामने आती रहती हैं और हमें अंधविश्वास के अनेक रूप देखने को मिलते हैं। इस तरह के अंधविश्वास का एक कारण है बिना किसी प्रमाण या तर्क के किसी भी बात पर भरोसा करने की हमारी प्रवृत्ति। कहीं न कहीं वैज्ञानिक दृष्टिकोण का अभाव स्पष्ट नजर आता है। आज बाबाओं की हरकतों की खबरें खूब सामने आ रही हैं कि किस तरह वे लोगों को आस्था और भक्ति के नाम पर बरगलाते हैं और उनकी चेतना पर परदा डाल कर उनके विश्वास को अंधविश्वास में तब्दील कर देते हैं।

विडंबना यह है कि कई तरह के ठगी, हत्या और बलात्कार जैसे अपराधों में लिप्त होने वाले ऐसे कुछ बाबाओं की हकीकत सामने आने के बावजूद लोग विचार करने की जरूरत नहीं समझते। यह एक जटिल स्थिति है, जिससे निपटने के लिए सरकार को रास्ता निकालना ही होगा। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि अंधविश्वास विकास और तरक्की के रास्ते में एक बड़ी बाधा है। जाहिर है, न केवल सामाजिक संगठनों, बल्कि खुद सरकार की ओर से भी शिक्षा पद्धति में अंधविश्वास के खिलाफ पाठ शामिल करने के साथ-साथ व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। अन्यथा अंधविश्वास की वजह से होने वाली ठगी से लेकर हत्या या फिर बलि जैसी बर्बर घटनाएं हमारे तमाम विकास पर सवाल उठाती रहेंगी।

● *साजिद अली, चंदन नगर, इंदौर*

**किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश**

**आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com**




## अमेरिका की जवाबदेही

अंतरराष्ट्रीय मीडिया में आई खबरों के मुताबिक अमेरिका ने कोरोना टीका पर काम कर रही जर्मन कंपनी क्योरवैक को भारी रकम देकर केवल अमेरिका के लिए संभावित टीके और उसके रिसर्च को हथियाने की कोशिश की है। जर्मन सरकार अमेरिकी कोशिश को रोकने में लगी है। जर्मनी के नेताओं ने साफ कह दिया है कि भविष्य में किसी टीके पर किसी एक देश का विशेषाधिकार नहीं होना चाहिए। याद रहे, अमेरिका ने सैकड़ों नाजी वैज्ञानिकों को जर्मनी से बचा कर अपने देश ले जाकर उनके रिसर्च का फायदा उठाया। उसके बम, चांद की यात्रा और सेटेलाइट तकनीक के पीछे नाजी वैज्ञानिक थे। अब एक बार फिर ट्रंप और डीप स्टेट ऑपरेशन पेपरक्लिप चलाना चाहते हैं। दुनिया को अमेरिका पर दबाव डालना चाहिए कि वह कोरोना की पूरी जानकारी दे और बताए कि उसके यहां इसका पहला मामला कब आया था!

● *भूपेंद्र सिंह रंगा, पानीपत, हरियाणा*

## पेड़ बचाएं

यह हम सभी जानते हैं कि वृक्षों की पत्तियां इस मौसम के अभिवादन के लिए जमीन पर बिछ जाती हैं, वहीं टेसू के फूल खिलने लगते हैं। सूखे पहाड़ों पर बिना पत्ती के वृक्ष अपनी वेदना किसे बताएं? बारिश होगी तभी इन वृक्षों पर हरियाली अपना डेरा फिर से जमा सकेगी, बस इन्हें इंसान काटे नहीं तब। वृक्षों से ही जंगल, पहाड़ों का सौंदर्य है। वृक्ष ही इंसान के मददगार और अंतिम पड़ाव तक के साथी होते हैं और पशु-पक्षियों को आसरा प्रदान करते हैं। इसलिए बिना पत्तियों के वृक्षों को बेजान समझ कर किसी भी समय नहीं काटें। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि वृक्ष संपूर्ण जीव-जगत के लिए जीवन हैं। इनके बिना समूची धरा में जीवन रह पाना मुमकिन नहीं होगा।

● *संजय वर्मा 'दृष्टि', मनावर, धार*

www.readwhere.com



## श्रेष्ठ वर की प्राप्ति के लिए गौरी पूजा

गणगौर वैसे तो है राजस्थान का मुख्य त्योहार, लेकिन इसकी जय-जयकार सुनाई देती है कोलकाता के बड़ाबाजार अंचल में। चैत्र कृष्ण पक्ष एकम से शुरू हुआ 18 दिवसीय त्योहार चैत्र शुक्ल पक्ष की तृतीया तक चलेगा। गणगौर राजस्थान व सीमावर्ती राज्य का एक त्योहार है, जो चैत्र में मनाया जाता है। गणगौर के दौरान कुवांरी लड़कियां श्रेष्ठ वर व विवाहित महिलाएं वर की सलामती के लिए शिव (इसर) और पार्वती (गौरी) की पूजा करती हैं।

# 5 साल से रोजगार के इंतजार में युवा

राजीव जैन
जयपुर।

राजस्थान

सरकारी नौकरी की उम्मीद लगाए बैठे बेरोजगार युवाओं के सपने सरकार एक ही झटके में खत्म करने में लगी हुई है। राजस्थान में ऐसा ही मजाक विद्यालय सहायक के पदों की भर्ती में हुआ है। प्रदेश में विद्यालय सहायक के 33 हजार पदों के लिए पांच साल पहले करीब 12 लाख युवाओं ने आवेदन किया था। इस भर्ती का मामला सुप्रीम कोर्ट में अटका हुआ है पर सरकार ने हाल में विधानसभा में एक सवाल के उत्तर में कहा कि यह भर्ती निरस्त हो चुकी है।

इस पद के लिए आवेदन करने वाले युवा समझ रहे थे कि सुप्रीम कोर्ट से फैसला उनके हक में आएगा और सरकार भर्ती की प्रक्रिया अपनाएगी।

राज्य में करीब पांच साल पहले 21 जुलाई 2015 को राज्य सरकार ने संविदा पर काम कर रहे विद्यार्थी मित्रों के समायोजन के लिए भर्ती की प्रक्रिया शुरू की थी। इसके तहत सरकार ने 33 हजार 493 पदों के लिए भर्ती निकाली थी। इसमें 12 लाख 3 हजार 13 आवेदकों ने आवेदन किया था। इस भर्ती मामले में शुरू से ही पेंच फंसा रहा और मामला अदालतों में पहुंचा।

पूर्व सरकार के दौरान सन 2013 में 27 हजार विद्यार्थी मित्रों के लिए 33 हजार शिक्षा सहायक पद के लिए भर्ती निकाली गई। इसमें अनुभव के आधार पर बोनस अंकों का प्रावधान किया गया। इसके तहत एक साल के अनुभव पर 10, दो साल के अनुभव पर 20 और तीन साल के अनुभव पर 30 अंक देने का प्रावधान किया गया। इन्हीं बोनस अंकों को लेकर विवाद पैदा हो गया। विवाद सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया। उस दौरान सरकार ने इस भर्ती को रद्द कर दिया। इसके बाद सरकार ने विवाद दूर करने के मकसद से शिक्षा सहायक का नाम बदल कर विद्यालय सहायक के नाम से नई भर्ती का एलान कर दिया। इसमें वर्ष के अनुभव के आधार पर बोनस अंक घटाते हुए साक्षात्कार का प्रावधान कर उसके लिए 15 अंक रख दिए। यह भर्ती भी पुरानी भर्ती की तरह विवादों में फंस गई। इस भर्ती में सबसे ज्यादा विवाद बोनस अंकों को लेकर रहा और मामला फिर सुप्रीम कोर्ट में पहुंच गया। इस मामले में अब तक अदालत का कोई फैसला नहीं आया है। इसके बावजूद सरकार ने अब इसे निरस्त करके बेरोजगारों के सपने चूर कर दिए। इस भर्ती के जरिए ही सरकार के पास आवेदकों के शुल्क से 25 करोड रूपए जमा हो गए हैं। इस भर्ती की उम्मीद लगाए बैठे बेरोजगार युवा अब सरकार के मंत्रियों और अफसरों के चक्कर काट रहे है पर उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है।

विद्यालय सहायक की भर्ती का इंतजार कर रहे युवा आवेदकों ने निराश होकर अब धरने प्रदर्शन करने की तैयारी शुरू कर दी है। राजस्थान विद्यार्थी मित्र शिक्षक संघ के संयोजक अशोक सिहाग का कहना है कि सरकार की लापरवाही के चलते विद्यालय सहायक भर्ती अटकी हुई है। अदालत में ही पांच साल से मामला लंबित है। विद्यालय सहायक पद के इच्छुक आवेदक जल्द से जल्द नौकरी की उम्मीद लगाए बैठे हैं पर सरकार की तरफ से उन्हें किसी तरह की राहत मिलती नहीं दिख रही है। इस भर्ती को निरस्त करने की कभी सूचना भी जारी नहीं की गई और न ही शुल्क लौटाने की कार्रवाई सरकार की तरफ से हुई। सरकार की तरफ से इस मामले को कैबिनेट मंत्री बीडी कल्ला देख रहे है। कल्ला का कहना है कि विद्यालय सहायक भर्ती का विज्ञापन सन 2015 में निकला था। उसके बाद संभवतया विवादों के चलते ही मामला अदालत में पहुंचा। इस भर्ती को पूर्व की सरकार ने ही निरस्त कर दिया था। भर्ती से जुड़े सभी प्रकरणों का अध्ययन करवाया जा रहा है। आवेदकों को राहत देने के लिए सरकार निश्चित तौर पर कार्रवाई करेगी और और भर्ती प्रक्रिया को नए सिरे से शुरू करने के लिए विशेषज्ञों की मदद ली जाएगी।



प्रदेश में विद्यालय सहायक के 33 हजार पदों के लिए पांच साल पहले करीब 12 लाख युवाओं ने आवेदन किया था। भर्ती का मामला सुप्रीम कोर्ट में अटका हुआ है पर सरकार ने हाल में विधानसभा में एक सवाल के उत्तर में कहा कि यह भर्ती निरस्त हो चुकी है।

### 2013 में शिक्षा सहायक की निकली थी भर्ती

2013 में 27 हजार विद्यार्थी मित्रों के लिए 33 हजार शिक्षा सहायक पद के लिए भर्ती निकाली गई। इसमें अनुभव के आधार पर बोनस अंकों का प्रावधान किया गया। एक साल के अनुभव पर 10, दो साल के अनुभव पर 20 और तीन साल के अनुभव पर 30 अंक देने का प्रावधान किया गया। इन्हीं बोनस अंकों को लेकर विवाद पैदा हो गया। सरकार ने इस भर्ती को रद्द कर दिया। इसके बाद सरकार ने विवाद दूर करने के मकसद से शिक्षा सहायक का नाम बदल कर विद्यालय सहायक के नाम से नई भर्ती का एलान कर दिया

# राजस्थान से कोलकाता तक गणगौर की गूंज



पूजन के लिए जाती महिलाएं

शंकर जालान
कोलकाता।

बंगाल

कोलकाता को भारत की सांस्कृतिक राजधानी का दर्जा प्राप्त है। कोलकाता का बड़ाबाजार इलाका मिनी राजस्थान कहलाता है। कोलकाता का हृदयस्थल कहे जाने वाले बड़ाबाजार की बात ही निराली है। यहां रहने वाले ज्यादातर लोग राजस्थान या सीमावर्ती राज्यों के निवासी हैं, लिहाजा यहां राजस्थान का हर पर्व धूमधाम व उत्साह से मनाया जाता है, जितना की मरुधरा पर। इन्हीं त्यौहारों में से एक है गणगौर यानी गवरजा यानी इसर-गौरी (शंकर-पार्वती) की पूजा। गणगौर वैसे तो है राजस्थान का मुख्य त्यौहार, लेकिन इसकी जय-जयकार सुनाई देती है कोलकाता के बड़ाबाजार अंचल में।

चैत्र कृष्ण पक्ष एकम से शुरू हुआ 18 दिवसीय त्यौहार चैत्र शुक्ल पक्ष की तृतीया तक चलेगा। इस दौरान कुंवारी कन्याएं सुयोग्य व श्रेष्ठ वर की प्राप्ति के लिए इसर-गौरी की पूजा करती हैं। गणगौर राजस्थान व सीमावर्ती राज्य का एक त्यौहार है, जो चैत्र में मनाया जाता है। गणगौर के दौरान कुवांरी लड़कियां श्रेष्ठ वर व विवाहित महिलाएं वर की सलामती के लिए शिव (इसर) और पार्वती (गौरी) की पूजा करती हैं। पूजा करते हुए दूब से पानी के छांटे देते हुए गोर गोर गोमती गीत गाती हैं।

## पौराणिक व व्रत कथा

एक समय की बात है, भगवान शंकर, माता पार्वती व नारदजी के साथ भ्रमण के लिए निकले। वह चलते-चलते चैत्र शुक्ल तृतीया को एक गांव में पहुंचे। ग्राम कि निर्धन स्त्रियां उनके स्वागत के लिए थालियों में हल्दी व अक्षत लेकर पूजन को पहुंच गई। पार्वती जी ने उनके पूजा भाव को समझकर सारा सुहाग रस उन पर छिड़क दिया। वे अटल सुहाग प्राप्त कर लौटी।

थोड़ी देर बाद धनी वर्ग की स्त्रियां अनेक प्रकार के पकवान सोने-चांदी के थालो में सजाकर सोलह श्रृंगार करके शिव और पार्वती के सामने पहुंची। इन स्त्रियों को देखकर भगवान शंकर ने पार्वती से कहा- तुमने सारा सुहाग रस तो निर्धन वर्ग की स्त्रियों को ही दे दिया। अब इन्हें क्या दोगी ? पार्वती जी बोली प्राणनाथ ! उन स्त्रियों को ऊपरी पदार्थों से निर्मित रस दिया गया है, इसलिए उनका सुहाग धोती से रहेगा। किंतु मैं इन धनी वर्ग की स्त्रियों को अपनी अंगुली चीरकर रक्त का सुहाग रख दूंगी, इससे वो मेरे सामान सौभाग्यवती हो जाएंगी। जब इन स्त्रियों ने शिव-पार्वती पूजन समाप्त कर लिया तब पार्वती जी ने अपनी अंगुली चीर कर उसके रक्त को उनके ऊपर छिड़क दिया, जिस पर जैसे छींटे पड़े उसने वैसा ही सुहाग पा लिया।पार्वती जी ने कहा तुम सब वस्त्र आभूषणों का परित्याग कर, माया मोह से रहित हो जाओ और तन, मन, धन से पति की सेवा करो। तुम्हें अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होगी। इसके बाद पार्वती जी भगवान शंकर से आज्ञा लेकर नदी में स्नान करने चली गई । स्नान करने के पश्चात बालू की शिवजी की मूर्ति बनाकर उन्होंने पूजन किया।

# कोरोना से बचाव के नुस्खे बताए स्वामी ने

सुनील दत्त पांडेय
देहरादून।

उत्तराखंड

इस समय पूरी दुनिया में डर का वातावरण बनाने वाले कोरोना वायरस से बचने के लिए योग गुरु स्वामी रामदेव ने कई देसी नुक्ते बताए हैं। साथ ही स्वामी रामदेव का कहना है कि इस वायरस से डरने की कोई जरूरत नहीं है। योग और आयुर्वेद में इस वायरस से बचने के लिए कई उपाय हैं। उन्होंने पतंजलि शोध संस्थान हरिद्वार में किए गए अनुसंधानों के हवाले से कहा कि योग और देसी जड़ी-बूटियों से मनुष्य अपने शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को इतना अधिक बढ़ा सकता है कि कोरोना जैसा विषाणु सेहत को नुकसान नहीं पहुंचा सकता।

उन्होंने दावा किया कि पतंजलि योगपीठ के शोध संस्थान में एक ऐसा देसी सैनिटाइजर तैयार किया है जिसको हाथों और मुंह में लगाने से किसी भी तरह का वायरस निष्प्रभावी हो जाता है। इस लेप में तुलसी, नीम, गिलोय और कपूर शामिल है।

योग गुरु का कहना है कि कोरोना विषाणु से सिर्फ सावधानी ही बचा सकती है। उनका कहना है कि इस वायरस अब तक छह हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। 70 हजार से ज्यादा लोगों को बचाया जा चुका है। अब तक इस वायरस पर जितने भी शोध हुए हैं उनसे चार बातें सामने आई हैं कि जिन लोगों की प्रतिरोधक क्षमता कम होती है और जो अस्थमा, दमा, सांस, हृदय, मधुमेह जैसे रोगों से रोग ग्रस्त हैं। उन्हें अपनी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए पांच प्राणायामों भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी और उद्गीत करके अपनी प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना चाहिए और इन प्राणायामों के अलावा इन अश्वगंधा, शतावरी और सफेद मूसली के रसायन का चूर्ण लेना चाहिए जो मनुष्य की शारीरिक प्रतिरोधक क्षमता को निश्चय ही बढ़ाएगा।

स्वामी रामदेव ने दावा किया है कि उनके शोध संस्थान में गहन शोध के बाद यह तथ्य सामने आया है कि कोरोना वायरस का प्रोटीन मनुष्य के शरीर के प्रोटीन में मिलने से केवल अश्वगंधा चूर्ण ही सबसे ज्यादा प्रभावकारी है और अश्वगंधा रसायन कोरोना वायरस और मनुष्य के शरीर के प्रोटीन के बीच में सुरक्षा दीवार की तरह खड़ा रहता है और मनुष्य जीवन को कोरोना वायरस के दुष्प्रभाव से रोकता है।

गिलोय तुलसी नीम का रस मिलाकर पीने से मनुष्य की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। साथ ही सबसे ज्यादा विटामिन सी आंवला में पाया जाता है और फागुन के महीने में आंवले के फल में पूर्ण रसायन समावेश करते हैं, इसलिए फागुन के महीने का आंवला तुल्य कहा गया है और जो मनुष्य में प्रतिरोधक क्षमता कई गुना बढ़ाने में सहायक होता है, इसलिए रोज सुबह खाली पेट आंवले का फल, आंवले का रस या च्यवनप्राश का सेवन करना चाहिए।



पतंजलि अनुसंधान संस्थान में कोरोना वायरस से बचाव के रास्ते बताते हुए योग गुरु स्वामी रामदेव।

**योग गुरु का कहना है कि कोरोना से सिर्फ सावधानी ही बचा सकती है। अब तक इसपर जितने भी शोध हुए हैं उनसे चार बातें सामने आई हैं कि जिन लोगों की प्रतिरोधक क्षमता कम होती है और जो अस्थमा, दमा, सांस, हृदय, मधुमेह जैसे रोगों से रोग ग्रस्त हैं।**

# ई कचरा बना बड़ा रोड़ा

प्रतिभा शुक्ल
नई दिल्ली।

देश

सतत व टिकाऊ विकास के रास्ते में ई कचरा एक बड़ा रोड़ा बन कर उभर रहा है। दुनिया भर में पैदा होने वाले ई-कचरे का चार फीसद फीसद हिस्सा भारत का। भारत में यह कचरा पैदा करने वाले शहरों में दिल्ली का स्थान दूसरा है। भारत की सिलिकान वैली के नाम से जाने जाने वाले शहर बंगलुरू का स्थान तीसरा है। यह स्वास्थ्य के लिए एक प्रमुख खतरा बन रहा है। पर्यावरण व मानव स्वास्थ्य के लिए जोखिम चुके ई- कचरे के निबटान व प्रबंधन के लिए एक जिम्मेदार व्यवस्था अभी तक नहीं बनाई जा सकी है।

भारत में इलेक्ट्रॉनिक अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर एसोचैम-केपीएमजी की एक रिपोर्ट बताती है कि दुनिया में हर साल जितना ई-कचरा पैदा होता है उसका बड़ा हिस्सा फीसद भारत में पैदा होता है। ई-कचरा में कंप्यूटर उपकरणों का लगभग 70 फीसद हिस्सा होता है। कंप्यूटर उपकरणों के बाद घरों से पैदा होने वाले ई-कचरे में दूरसंचार उपकरणों -फोन (12 फीसद), बिजली के उपकरण (आठ फीसद)और चिकित्सा उपकरण (सात फीसद) भी शामिल है।

ई-कचरा पैदा करने वाले भारत के शहरों की इस सूची में मुंबई सबसे ऊपर है जहां हर साल1,20,000 टन ई- कचरे का उत्पादन होता है। उसके बाद दिल्लीका नंबर आता है, जहां 98,000 टन ई-कचरे का उत्पादन होता है जबकि तीसरे स्थान पर बेंगलुरू है जहां 92,000 टन ई-कचरे का उत्पादन होता है। लैंडफिल में पाए जाने वाले करीब 70 फीसद भारी धातु ई-कचरे में आता है।

टॉक्सिक्स लिंक के सहायक निदेशक सतीश सिन्हा ने कहा कि एक जिम्मेदार उपभोक्ता के रूप में, हम सभी को ई- कचरे के जिम्मेदार निपटान के लिए योगदान करना होगा और हमें मरम्मत के अधिकार जैसे वैसे अधिकारों की मांग करनी होगी जो अभी अस्तित्व में नहीं है। उन्होंने ई-कचरा निपटान की समस्या से निपटने के लिए नियमन की आवश्यकता पर भी जोर दिया ताकि टिकाऊ भविष्य का मार्ग प्रशस्त हो सके।

सिन्हा ने भारत में ई- कचरे की समस्याओं से निपटने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोबाइल जैसे उद्योगों से कई उदाहरण दिए। उन्होंने उपभोक्ताओं की जिम्मेदारियों के साथ-साथ केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) जैसे विभिन्न प्राधिकरणों के नियमों व उनकी भूमिकाओं और पर्यावरण मंत्रालय के नियमों के बारे में भी विस्तार से बताया। इलेक्ट्रॉनिक कचरे को संक्षेप में ई कचरा कहा जाता है।



# अनकही पाबंदियों की चहारदीवारी तोड़तीं लड़कियां

तमन्ना अख्तर
चंडीगढ़।

हरियाणा

हरियाणा के मेवात क्षेत्र के नूंह जिले की लड़कियां अब अनकही पाबंदियों की चहारदीवारी तोड़ रही हैं। इन लड़कियों ने न केवल खुद स्कूल-कॉलेज जाने का सिलसिला शुरू किया, बल्कि अब सोशल मीडिया पर सक्रिय हो अन्य लड़कियों का भी मार्गदर्शन करने की हिम्मत दिखा रही हैं। सेल्फी विद डॉटर से जुड़ी इन लड़कियों ने बड़े गर्व से अपने इस संघर्ष की कहानी साझा की। उनका कहना है कि इससे पहले गांव की महिलाओं पर सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीर लगाने या सक्रिय रहने पर अनकही पाबंदी थी।

### अपने फैसले खुद लूंगी

जिले नूंह के समीपवर्ती साकरस गांव में शहनाज बानो का अकेला पढ़ा-लिखा परिवार है। सीटैट, एसटैट की परीक्षा पास कर शहनाज (25) अब नौकरी तलाश रही हैं। 'देखो जी मेरा घर है अंगूठा छाप। पढ़ने की जो यह लहर शुरू हुई है इसका सारा श्रेय मेरी बड़ी बहन कुलसुम बानो को जाता है। घर वालों से छुप-छुप कर वह स्कूल जाती थीं और इस तरह उसने पांचवी तक पढ़ाई की।

बानो ने बताया कि कागजी परीक्षा से बड़ी परीक्षा उनकी बहन ने घर आकर दी। काफी चिल्लम चिल्ली के बाद आखिर पापा ने मंजूरी दे ही दी। बानो ने बताया, 'मेरे पिता पेशे से किसान है। हमारी पढ़ाई से गांव वासियों को हमेशा दिक्कतें होती रहीं। वे पापा के कान भरने में कोई कसर नहीं छोड़ते थे। कभी तुम्हारी बेटियां देखना भाग जाएंगी तो कभी इतना पढ़ा कर भी क्या कर लेंगी.. ढोएंगी तो आखिर में गोबर ही। तब मैंने उनको जवाब दिया कि अगर पढ़ लिखकर गोबर भी ढोना पड़े न तो भी मुझे कोई दिक्कत नहीं। अपनी इच्छा से अपनी जिंदगी जिऊंगी।'

उन्होंने बताया कि वह महिलाओं की शिक्षा के लिए काम करना चाहती हैं। उनका मानना है, 'जबतक खुद जागेंगे नहीं तबतक दूसरा अपको अंधेरे की ओर धकेलता ही रहेगा। अपने लिए खुद खड़ा होना पड़ता है।' बानो गांव की 12 वीं कक्षा तक की लड़कियों को घर पर पढ़ाती हैं। इस दौरान एकबार ऐसी लड़कियों के लिए आगे की पढ़ाई की वकालत करने पर गांव वालों ने कहा कि तुम खुद तो पढ़ नहीं रही और इनकी वकालत कर रही हो, इस पर बानो ने उनके जवाब में एमए उर्दू में दाखिला लिया ताकि इन लड़कियों की पढ़ाई जारी रहे।

शहनाज मेवात की उन पांच लड़कियों में से जिन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी डीपी लगाई है। सेल्फी विद डॉटर फाउंडेशन द्वारा कराई गई स्क्रीनिंग में 1000 लड़कियों में इन पांच लड़कियों का चयन हुआ है। इस संदर्भ संस्थान के संस्थापक सुनील जागलान कहते है, 'ये पांचों सिर्फ बागी नहीं बल्कि बदलाव लाने की उम्मीद है। शहनाज को मैं आने वाले पंचायत चुनाव के लिए खड़ा करवाऊंगा। ऐसी बुलंद आवाज लोगों के सामने आनी चाहिए।'

### बागी हैं और बदलाव लाकर दिखाएंगे

दुनिया से लड़ना आसान है लेकिन जब अपने परिजनों से लड़ने की नौबत आ जाए तो इंसान बार-बार टूटता है। अपनी पसंद का जीवनसाथी चुनने का हक हमारे यहां किसी को नहीं दिया गया है। जो इक्का-दुक्का समाज से लड़कर अपने हिसाब से अपनी जिंदगी चलाने का जज्बा रखते हैं उन्हें क्या पता कि पीछे छूटे उनके परिजन उसका खामियाजा भुगतेंगे।

यूपीएससी परीक्षा की तैयारी कर रही 20 साल की अरस्तुन आरा हालांकि बड़ी मजबूती से यह बात कहती हैं पर उसकी छोटी-छोटी आंखों में तैरते बड़े-बड़े सपनों को आकार देने के लिए अपनों के हाथ न मिलने का मलाल उसके चेहरे पर स्पष्ट दिखाई देते हैं। आरा बताती है कि बड़ी बहन के प्रेम विवाह के बाद उनकी जिंदगी दोजख के समान हो गई थी। सात भाई-बहनों में वह दूसरे नंबर पर है।

बकौल आरा, मुझे पढ़ाई करनी थी। छिपते-छिपाते किसी तरह स्कूल शिक्षा खत्म की लेकिन मुझे वहां रुकना नहीं था। मेरा छोटा भाई राशिद, उसने मुझे सपने देखने की हिम्मत दी। उसने अपनी पढ़ाई छोड़ दी और काम करने लगा ताकि मेरी पढ़ाई के लिए पैसे का जुगाड़ हो सके।



अरस्तुन



रिजवाना



शहनाज बानो

जिले नूंह के समीपवर्ती साकरस गांव में शहनाज बानो का अकेला पढ़ा-लिखा परिवार है। सीटैट, एसटैट की परीक्षा पास कर शहनाज (25) अब नौकरी तलाश रही हैं। 'देखो जी मेरा घर है अंगूठा छाप। पढ़ने की जो यह लहर शुरू हुई है इसका सारा श्रेय मेरी बड़ी बहन कुलसुम बानो को जाता है। घर वालों से छुप-छुप कर वह स्कूल जाती थीं और इस तरह उसने पांचवी तक पढ़ाई की।

www.readwhere.com

# मंत्रालय आगंतुकों के पास जारी कराना बंद करें : कार्मिक विभाग

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 मार्च।

केंद्र सरकार ने कोरोना विषाणु को फैलने से रोकने के लिए एहतियाती कदम उठाते हुए सभी मंत्रालयों और विभागों को सरकारी भवनों में प्रवेश स्थान पर लोगों के लिए तापीय जांच यंत्र लगाने और आगंतुकों को अस्थायी एवं विजिटर पास जारी करना तत्काल प्रभाव से स्थगित करने का मंगलवार को आदेश जारी किया।

कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने कोरोना विषाणु को फैलने से रोकने के लिए कई कदमों की घोषणा करते हुए कहा कि हाथों के लिए विषाणु नाशक और साबुन की नियमित आपूर्ति जरूर सुनिश्चित की जानी चाहिए। कार्मिक विभाग ने कहा कि फ्लू जैसे लक्षण पाए जाने वाले व्यक्तियों को उपयुक्त इलाज कराने और पृथक रहने आदि की सलाह दी जाती है। कार्मिक विभाग ने कहा कि सभी मंत्रालयों एवं विभागों को सभी जरूरी कदम उठाने की सलाह दी गई है, जिनमें सरकारी भवनों के प्रवेश स्थान पर शरीर के तापमान की जांच करने का उपकरण लगाने, हाथों के लिए विषाणु नाशक अनिवार्य रूप से रखने, बाहरी लोगों को आने से हतोत्साहित करने और तत्काल प्रभाव से आंगतुकों को अस्थायी पास जारी करने को स्थगित करना शामिल है।

इसमें कहा गया है कि केवल उन्हीं आगंतुकों को इजाजत दी जाएगी, जिनके पास उस अधिकारी की उपयुक्त इजाजत हो जिनसे वे मिलने वाले हैं। आदेश में अधिकारियों को गैर जरूरी यात्रा से बचने को कहा गया है। उन्हें यथासंभव वीडियो कांफ्रेंस के जरिये बैठकें करने के अलावा, बैठकें या तो पुनर्निधारित करने या उसमें भाग लेने वालों की संख्या में कमी करने को कहा गया है।

आदेश में कहा गया है कि आधिकारिक ईमेल पर जरूरी पत्राचार किया जाए और जहां तक संभव हो अन्य कार्यालयों में फाइलें एवं दस्तावेज भेजने से बचा जाए। जहां तक व्यावहारिक हो, कार्यालय भवन के प्रवेश बिंदु पर ही डाक प्राप्त करने को प्रोत्साहित किया जाए। आदेश में यह भी कहा गया है कि सरकारी भवनों में सभी व्यायामशालाओं, मनोरंजन केंद्रों और बाल शाला को बंद किया जाना चाहिए तथा कार्यस्थल, खासतौर पर अक्सर स्पर्श की जाने वाली चीजों को उपयुक्त रूप से साफ किया जाए तथा बार-बार स्वच्छ किया जाए।

आदेश में छुट्टियां देने में उदारता बरतने को कहा गया है। यह कहा गया है कि एहतियाती उपाय के तहत जब कभी स्व-पृथक रखे जाने का अनुरोध मिले, अवकाश की मंजूरी देने वाले प्राधिकारियों को छुट्टी मंजूर करने की सलाह दी जाती है। आदेश में सभी अधिकारियों को अपने स्वास्थ्य की देखभाल करने और सांस लेने में समस्या या बुखार की जांच कराने को कहा गया है। इसमें कहा गया है कि अस्वस्थ महसूस होने पर उन्हें अपने रिपोर्टिंग अधिकारी को सूचित करने के बाद फौरन ही कार्यस्थल छोड़ देना चाहिए और घर में पृथक रहने के दिशानिर्देश का पालन करना चाहिए।

# जम्मू-कश्मीर में कोरोना विषाणु महामारी घोषित

जम्मू, 17 मार्च (भाषा)।

जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने कोरोना विषाणु संक्रमण को महामारी घोषित करते हुए कहा है कि जो व्यक्ति इस रोग के रोकथाम एवं उपचार से जुड़े आदेशों का पालन नहीं करेगा उससे कानून के तहत निपटा जाएगा।

उपराज्यपाल गिरीश चंद्र मुर्मु के आदेश पर वित्तीय आयुक्त (स्वास्थ्य एवं मेडिकल शिक्षा विभाग) द्वारा जारी चार पन्नों की अधिसूचना में यह घोषणा की गई है। इस केंद्र-शासित प्रदेश में अबतक तीन व्यक्तियों के कोरोना विषाणु से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। इस बीमारी का मुकाबला करने के लिए इस केंद्र-शासित प्रदेश के लगभग सभी जिलों में सरकार द्वारा चार से अधिक व्यक्तियों के इकट्ठा होने पर रोक लगाते हुए निषेधाज्ञा लागू करने के साथ सामान्य जनजीवन करीब करीब ठहर गया है।

सरकार पहले ही सभी शिक्षण संस्थानों, मल्टीप्लेक्सों, सिनेमाघरों, शॉपिंग मॉलों, फुड कोर्टों, पार्कों और गार्डनों, क्लबों एवं सड़क किनारे खाने-पीने की चीजें बेचने वालों पर 31 मार्च तक के लिए रोक लगा चुकी है।

महामारी रोग अधिनियम के तहत नियमों की घोषणा करते हुए अधिसूचना में कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर महामारी रोग (कोविड-19) विनियमाली, 2020 इस पूरे केंद्रशासित प्रदेश में तत्काल प्रभावी होगी। अधिसूचना में कहा गया है, निगरानी कर्मी यदि उपयुक्त समझते हैं तो उन्हें ज्वर, खांसी या सांस संबंधी घटनाओं निगरानी या भौतिक परीक्षण के लिए ऐसे परिसरों के मालिकों को तर्कसंगत मौका देने के बाद वहां प्रवेश करने का अधिकार होगा। अधिसूचना में कहा गया, ऐसे सभी व्यक्ति निगरानी, निरीक्षण, पूछताछ और परीक्षण में सहयोग करने और सभी संभव सहायता करने के लिए बाध्य होंगे।

अधिसूचना के अनुसार जिलाधिकारी इन निगरानी र्किमयों को नियुक्त करेंगे जिन्हें संदिग्ध व्यक्तियों को घर के अंदर ही पृथक रूप से रखने या उसे पृथक सुविधा में ले जाने का निर्देश देने, व्यवस्था करने का अधिकार होगा।

अधिसूचना में कहा गया है कि लेकिन यदि किसी परिसर के मालिक या कोविड-19 का संदिग्ध या सत्यापित व्यक्ति घर में अलग से रखने, संस्थाना में अलग से रखने जेसे रोकथाम या उपचार के कदमों से इनकार करता है या फिर निगरानी र्किमयों एवं अधिकारियों से सहयोग नहीं करता है। तो उस पर सीआरपीसी, 1973 की धारा 133 के प्रावधान लगेंगे। जरूरी समझने पर मजिस्ट्रेट किसी बाध्यकारी कार्रवाई का आदेश जारी कर सकते हैं।

# गोगोई के मनोनयन पर कांग्रेस ने कहा, न्यायपालिका पर आघात किया गया

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 मार्च।

कांग्रेस ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई के राज्यसभा में मनोनयन को लेकर मंगलवार को आरोप लगाया कि इस सरकार ने न्यायपालिका पर बहुत ही गंभीर आघात किया है।

पार्टी प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा कि केंद्र की राजग सरकार ने पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली के उस कथन का भी ख्याल नहीं रखा जिसमें उन्होंने न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति के बाद पदों पर नियुक्ति का विरोध किया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह कहना चाहती है कि हमारे सबसे महत्वपूर्ण और व्यापक स्तंभ न्यायपालिका पर आघात किया गया है। इसका किसी व्यक्ति विशेष या न्यायमूर्ति गोगोई से संबंध नहीं है। इसका नीति, सिद्धांत और 70 साल से चले आ रहे नियम से संबंध है। सिंघवी ने कहा-हमारे संविधान के तहत न्यायपालिका एक तरफ होकर काम करती है और कार्यपालिका व विधायिका दूसरी तरफ होते हैं। संविधान में शक्तियों का स्पष्ट बंटवारा किया गया है। उन्होंने दावा किया कि यह धारणा कुछ वर्षों से बन रही थी कि हमारी कार्यपालिका के आक्रमण से

**न्यायपालिका पर कार्यपालिका के हमले की धारणा और मजबूत होगी : सिंघवी**
**सेवानिवृत्त होने के छह साल बाद राज्यसभा पहुंचे थे जस्टिस रंगनाथ मिश्र**

न्यायपालिका में कमजोरी आ रही है। यह धारणा और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि मिथ्या प्रचार किया जा रहा है कि हमने भी ऐसा किया था। न्यायमूर्ति रंगनाथ मिश्रा का उदाहरण दिया जाता है। लेकिन यह नहीं बताया जाता कि प्रधान न्यायाधीश का पद छोड़ने के कई वर्ष बाद वह राज्यसभा पहुंचे थे। लेकिन गोगोई के मामले में कुछ महीने का समय है। इससे पहले एक प्रधान न्यायाधीश को राज्यपाल बनाया गया था। कांग्रेस नेता ने जेटली के एक बयान का उल्लेख करते हुए कहा कि कम से कम हमारी नहीं सुनते तो अपनों की सुनिए। लेकिन ऐसा नहीं किया। आपने अपने लोगों की बात नहीं मानी और लंबी विरासत और सिद्धांत का उल्लंघन किया। दरअसल, राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने सोमवार को गोगोई को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया। गोगोई 17 नवंबर 2019 को सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश के पद से सेवानिवृत्त हुए थे।

## मूडीज ने भारत की वृद्धि दर का अनुमान घटाया

**पेज 1 का बाकी**

वित्तीय राहत पैकेज, नीतिगत दर में कटौती, नियामकीय छूट समेत राहत के कई उपाय किए हैं, हालांकि वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए उठाए जाने वाले कदम इन उपायों के असर को कम कर देंगे।

मूडीज के उपाध्यक्ष (वरिष्ठ क्रेडिट अधिकारी) बेंजामिन नेल्सन ने एक बयान में कहा कि कोरोना वायरस से संक्रमण के नए मामलों के सामने आने से आर्थिक वृद्धि की दर सुस्त होगी। इसका उन कुछ मुख्य क्षेत्रों पर बुरा वित्तीय असर पड़ेगा, जो मुक्त आवाजाही पर निर्भर हैं। उन्होंने कहा कि व्यापार और लोगों की मुक्त आवाजाही पर निर्भर क्षेत्र जैसे यात्री विमानन, नौवहन, आतिथ्य सत्कार, रहना-ठहरना, क्रूज लाइनर, रेस्तरां आदि सबसे अधिक जोखिम में हैं। एजंसी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला पर निर्भरता के कारण वैश्विक वाहन कंपनियां भी प्रभावित हो रही हैं। कुछ चुनिंदा भौगोलिक क्षेत्रों में खेल और खाद्य से इतर के खुदरा क्षेत्र भी आपूर्ति श्रृंखला पर निर्भर हैं, इस कारण ये भी प्रभावित हो रहे हैं। मूडीज के एक अन्य उपाध्यक्ष रिचर्ड मोरावेट्ज ने कहा कि कंपनियां वायरस के संक्रमण से कितना बचाव कर पाती हैं, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि संक्रमण कब तक रहने वाला है। हम सतर्क करते हैं कि जिस तरह से दिन-प्रतिदिन चीजें घट रही हैं, समय के हिसाब से प्रभाव का हमारा आकलन भी बदलता रहेगा

## सरकार के दिशा निर्देश के बाद भी शाहीनबाग में धरना जारी

**पेज 1 का बाकी**

यहां नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ धरना दे रही महिलाओं से मुख्य सड़क मार्ग को खाली करने की अपील की, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने इस पहल को दरकिनार कर दिया।

इससे पहले भी दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी शाहीनबाग की मुख्य सड़क पर बैठी महिला प्रदर्शनकारियों से बात करने के लिए कई बार आ चुके हैं। शाहीनबाग में चल रहे प्रदर्शन से करीब 100 मीटर दूर स्थित चौराहे पर पुलिस और महिला प्रदर्शनकारियों के बीच यह बातचीत हुई। यहां पुलिस की ओर से स्थानीय एसएचओ व एक आला अधिकारी भी मौजूद थे। वहीं प्रदर्शनकारियों की ओर से करीब 20 महिलाएं इस वार्ता में शामिल हुईं।

महिलाओं से बातचीत के दौरान पुलिस ने कहा कि पिछले कई महीनों से यहां प्रदर्शन हो रहा है, इस दौरान आपको पूरी सुरक्षा मुहैया कराई गई है। हमारा आपसे निवेदन है कि आप मुख्य सड़क मार्ग खाली करके किसी और स्थान को अपने प्रदर्शन के लिए चुनें। लेकिन खबर लिखे जाने तक इस बाबत कोई प्रगति नहीं हुई थी।

प्रदर्शनकारियों की समिति के एक सदस्य ने कहा कि प्रदर्शन स्थल पर इस तरह की कोई बातचीत नहीं हुई है। यहां यथा स्थिति बरकरार है। हां, उन्हें सरकार के उस सर्कुलर की जानकारी जरूर है जिसमें पचास से ज्यादा लोगों के एक जगह जमा रहने पर हिदायत है। लेकिन इस बाबत हमारे बीच कोई फैसला नहीं हुआ है।

## सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार से मांगा जवाब

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 मार्च।

सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश विधानसभा में तत्काल शक्ति परीक्षण कराने का निर्देश देने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की याचिका पर कमलनाथ सरकार से बुधवार तक जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति धनंजय वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता के पीठ ने स्थिति की तात्कालिकता को देखते हुए मुख्यमंत्री कमलनाथ, विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति और विधानसभा के प्रधान सचिव को नोटिस जारी किए और कहा कि इस मामले में बुधवार को सवेरे साढ़े दस बजे सुनवाई की जाएगी। राज्य विधानसभा के अध्यक्ष एनपी प्रजापति द्वारा कोरोना वायरस का हवाला देते हुए सदन में शक्ति परीक्षण कराए बगैर ही सोमवार को सदन की कार्यवाही 26 मार्च तक के लिए स्थगित किए जाने के तुरंत बाद शिवराज सिंह चौहान और सदन में प्रतिपक्ष के नेता व भाजपा के मुख्य सचेतक सहित नौ विधायकों ने सोमवार को शीर्ष अदालत में याचिका दायर की थी। राज्यपाल लालजी टंडन ने मुख्यमंत्री कमलनाथ को 16 मार्च को सदन में अपना बहुमत साबित करने का निर्देश दिया था।

पीठ ने अपने आदेश में कहा- हमने याचिकाकर्ताओं (चौहान और अन्य) की ओर से वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी और सौरभ मिश्रा, एडवोकेट को आन रिकार्ड को सुना। नोटिस जारी किया जाए। स्थिति की तात्कालिकता को देखते हुए नोटिस का जवाब 18 मार्च, 2020 को सवेरे साढ़े दस बजे तक देना है। पीठ ने चौहान को अपनी याचिका की प्रति की राज्य सरकार, अध्यक्ष और अन्य पक्षकारों को नोटिस की तामील करने के पारंपरिक तरीके के अलावा ई-मेल पर भी इसे देने की छूट दी।

यही नहीं, पीठ ने विधानसभा अध्यक्ष को इस्तीफा सौंपने वाले कांग्रेस के 16 बागी विधायकों को चौहान की याचिका में पक्षकार बनाने के लिए आवेदन दायर करने की भी अनुमति प्रदान की।

## डॉक्टर भी संक्रमण की चपेट में

**पेज 1 का बाकी**

ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

कर्नाटक में मंगलवार को संक्रमण के दो नए मामले सामने आने के बाद राज्य में पुष्ट मामलों की संख्या बढ़कर 10 हो गई। इस संख्या में एक मृतक भी शामिल है। कलबुर्गी के उपायुक्त शरत बी ने कहा कि 63 साल के डॉक्टर को परिवार के सदस्यों के साथ ही घर में पृथक रखा गया है और उन्हें विशेष पृथक वार्ड में स्थानांतरित किया जा रहा है।

परिवार व स्वास्थ्य कल्याण मंत्री बी श्रीरामुलु ने ट्वीट किया- कर्नाटक में कोविड-19 के दो नए मामले सामने आए हैं। इसके बाद संक्रमित लोगों की संख्या 10 हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि संक्रमितों में एक 20 साल की युवती है, जिसने हाल में ब्रिटेन की यात्रा की थी। दूसरा करीब 60 साल का व्यक्ति वह है जो पिछले हफ्ते देश में सबसे पहले इस वायरस से जान गंवाने वाले कलबुर्गी के 76 साल के बुजुर्ग के संपर्क में आया था।

इससे पहले सोमवार को संक्रमित पाया गया 32 साल की व्यक्ति इस महीने ही शुरुआत में लंदन होते हुए अमेरिका से लौटा था। वह राज्य का आठवां व्यक्ति था जिसमें संक्रमण की पुष्टि हुई थी। वह पहले घर में पृथक रखा गया था और अब उसे विशेष पृथक वार्ड में भेजा जा रहा है

## भारत ने चीन व पाक का साझा बयान खारिज किया

**पेज 1 का बाकी**

कहा गया, 'दोनों पक्षों ने जम्मू-कश्मीर के हालात पर चर्चा की। पाकिस्तानी पक्ष ने अपनी चिंताओं, रुख और मौजूदा अत्यावश्क मुद्दों समेत ताजा घटनाक्रमों से चीनी पक्ष को अवगत कराया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि संघ शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है और इससे संबंधित मुद्दे देश के आंतरिक मामले हैं।

## शपथ के बाद विस्तार से चर्चा करूंगा : गोगोई

**पेज 1 का बाकी**

दिल्ली जाऊंगा।' उन्होंने कहा, 'पहले मुझे शपथ लेने दीजिए, इसके बाद मैं मीडिया से इस बारे में विस्तार से चर्चा करूंगा कि मैंने यह पद क्यों स्वीकार किया और मैं राज्यसभा क्यों जा रहा हूं।' सोमवार को एक गजट अधिसूचना में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने एक मनोनीत सदस्य का पद रिक्त होने पर इस सीट के लिए गोगोई को मनोनीत किया।

गोगोई को मनोनीत किए जाने को लेकर सियासी गलियारों और अन्य हलकों में भी चर्चा है। गोगोई पिछले साल नवंबर में भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआइ) के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। वह इस पद पर करीब 13 महीनों तक रहे। राज्यसभा के लिए मनोनयन की हो रही आलोचना पर गोगोई ने एक स्थानीय समाचार चैनल को बताया, 'मैंने राज्यसभा के लिए मनोनयन का प्रस्ताव इस दृढ़विश्वास की वजह से स्वीकार किया कि न्यायपालिका और विधायिका को किसी बिंदु पर राष्ट्र निर्माण के लिए साथ मिलकर काम करना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'संसद में मेरी मौजूदगी विधायिका के सामने न्यायपालिका के नजरिए को रखने का एक अवसर होगी।' इसी तरह विधायिका का नजरिया भी न्यायपालिका के सामने आएगा।

## तीसरी मौत, हरियाणा में पहला मामला; नोएडा में दो मामले

**पेज 1 का बाकी**

संक्रमित होने के अलावा उनको स्वास्थ्य संबंधी अन्य समस्याएं भी थीं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे का कहना है कि मुंबई में सार्वजनिक परिवहन चलता रहेगा। सरकारी दफ्तरों को बंद नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम 50 फीसद क्षमता के साथ सरकारी कार्यालयों को काम करने की इजाजत देने की योजना पर कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर लोग गैर जरूरी यात्रा करने से नहीं बचते हैं, तो ट्रेन और बस सेवाओं को बंद करने जैसे कड़े फैसले लेने होंगे।

वहीं दूसरी ओर हरियाणा के गुरुग्राम जिले में 29 वर्षीय एक महिला के कोरोना विषाणु से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। यह महिला गुरुग्राम की एक कंपनी में काम करती है और हाल ही में उन्होंने मलेशिया और इंडोनेशिया की यात्रा की थी। राज्य के स्वास्थ्य महानिदेशक के मुताबिक वह अस्पताल में भर्ती है और उसकी हालत स्थिर है। विदेश यात्रा से लौटने के बाद उसके नमूने पुणे के राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान में जांच के लिए भेजे गए थे, जिसकी रिपोर्ट में उन्हें कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई।

इसके अलावा, उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक दो मामलों में से एक मरीज सेक्टर 100 में रहने वाली महिला हैं, जो हाल ही में फ्रांस से लौटी थीं। महिला को पृथक वार्ड में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने बताया कि दूसरा मरीज सेक्टर 78 का का रहने वाला है। संक्रमित पाए जाने के बाद उसे भी अस्पताल के अलग कमरे में रखा गया है।

## न्यायपालिका की स्वतंत्रता से समझौता

**पेज 1 का बाकी**

न्यायापालिका में आम आदमी के विश्वास को हिला कर रख दिया है। पत्रकारों ने जब जोसफ से इस बारे में प्रतिक्रिया मांगी तो उन्होंने आरोप लगाया कि गोगोई ने न्यायपालिका की स्वतंत्रता व निष्पक्षता के 'पवित्र सिद्धांतों से समझौता' किया।

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश मदन बी. लोकुर ने कहा कि गोगोई जब मीडिया में राज्यसभा की सीट स्वीकार करने के बारे में अपना विस्तृत बयान देंगे उसके बाद ही वह अपने विचार व्यक्त करेंगे। पूर्व न्यायाधीश जोसफ ने कहा, मेरे मुताबिक, राज्यसभा के सदस्य के तौर पर मनोनयन को पूर्व प्रधान न्यायाधीश द्वारा स्वीकार किए जाने ने निश्चित रूप से न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर आम आदमी के भरोसे को झकझोर दिया है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका भारत के संविधान के मूल आधार में से एक है।

## नौसेना में महिला अधिकारियों के लिए स्थायी कमीशन मंजूर

**पेज 1 का बाकी**

सकते और इनके लिए समान अवसर की जरूरत है।

पीठ ने कहा कि देश की सेवा करने वाली महिला अधिकारियों को स्थाई कमीशन देने से इनकार करने पर न्याय को नुकसान होगा। पीठ ने कहा कि केंद्र द्वारा वैधानिक अवरोध हटा कर महिलाओं की भर्ती की अनुमति देने के बाद नौसेना में महिला अधिकारियों को स्थाई कमीशन प्रदान करने में लैंगिक भेदभाव नहीं किया जा सकता। पीठ ने केंद्र की इस दलील को अस्वीकार कर दिया कि नौसेना में शार्ट सर्विस कमीशन की महिला अधिकारियों को समुद्र में जाने की ड्यूटी नहीं दी जा सकती है क्योंकि रूस में निर्मित जहाजों में उनके लिए अलग से वाशरूम नहीं है। पीठ ने कहा कि इस तरह की दलीलें केंद्र की 1991 और 1998 की नीति के विपरीत हैं। इन्हीं नीतियों के तहत केंद्र ने नौसेना में महिला अधिकारियों को शामिल करने पर लगी कानूनी पाबंदी हटा ली थी। शीर्ष अदालत ने कहा- जब एक बार महिला अधिकारियों की भर्ती के लिए वैधानिक अवरोध हटा दिया गया तो स्थाई कमीशन देने में पुरुष और महिलाओं के साथ समान व्यवहार होना चाहिए। पीठ ने नीति के तहत 2008 से पहले नौसेना में शामिल की गई महिला अधिकारियों को स्थाई कमीशन देने पर पड़ने वाले प्रभाव को निरस्त कर दिया। पीठ ने सेवानिवृत्त हो चुकी उन महिला अधिकारियों को पेंशन का लाभ भी प्रदान किया जिन्हें स्थाई कमीशन नहीं दिया गया था। अदालत ने कहा कि ऐसे पर्याप्त दस्तावेजी साक्ष्य हैं जिनसे पता चलता है कि नौसेना में महिला अधिकारियों ने सेना के लिए ढेरों उपलब्धियां प्राप्त की हैं।

## 'सीएए से किसी के मौलिक अधिकार का हनन नहीं'

**पेज 1 का बाकी**

प्रदान नहीं करता है क्योंकि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में उत्पीड़न का शिकार हुए अल्पसंख्यकों को इस कानून के अंतर्गत विर्निदिष्ट तरीके से ही नागरिकता प्रदान की जाएगी। केंद्र की ओर से गृह मंत्रालय में निदेशक बीसी जोशी ने यह हलफनामा दाखिल किया है।

शीर्ष अदालत ने पिछले साल 18 दिसंबर को नागरिकता संशोधन कानून की संवैधानिक वैधता का परीक्षण करने का निश्चय किया था लेकिन उसे इसके क्रियान्वयन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। संशोधित नागरिकता कानून में पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में उत्पीड़न का शिकार हुए हिंदू, सिख, बौद्ध, ईसाई, जैन और पारसी अल्पसंख्यक समुदाय के उन सदस्यों को भारत की नागरिकता देने का प्रावधान है जो 31 दिसंबर, 2014 तक यहां आ गए थे। नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ केरल और राजस्थान सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 131 का सहारा लेते हुए वाद दायर किया है। जबकि इंडियन यूनियन मुसलिम लीग, माकपा, तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा, कांग्रेस के जयराम रमेश, द्रमुक मुन्नेत्र कषगम, एआइएमआइएम, भाकपा और कई अन्य संगठनों ने 160 से अधिक याचिकाएं शीर्ष अदालत में दायर की हैं

## प्लेटफॉर्म टिकट 50 रुपए

**पेज 1 का बाकी**

10 से बढ़ाकर 50 रुपए कर दिया है। ऐसा पश्चिम रेलवे जोन के छह संभागों- मुंबई, वडोदरा, अमदाबाद, रतलाम, राजकोट और भावनगर में किया गया है। इन संभागों में ढाई सौ रेलवे स्टेशन हैं।

अधिकारियों के अनुसार दक्षिण रेलवे जोन के केवल चेन्नई में ही प्लेटफॉर्म टिकट का दाम बढ़ा दिया गया है। मध्य जोन के सभी स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म टिकट के मूल्य में वृद्धि कर दी गई है। इस जोन में पांच संभाग- मुंबई (सीएसटी), भुसावल, नागपुर, सोलापुर और पुणे हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कोरोना विषाणु के मद्देनजर भीड़ नियंत्रित करने के लिए प्लेटफॉर्म टिकट का दाम बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि यह स्थानीय स्तर पर किया गया है।

मार्च, 2015 को रेलवे ने संभागीय रेलवे प्रबंधकों को विशेष परिस्थितियों में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्लेटफॉर्म टिकट की दर 10 रुपए से बढ़ाने का अधिकार दे दिया था। अधिकारियों ने कहा कि शीघ्र ही कुछ और रेलवे जोन ऐसा कर सकते हैं।

## बजट सत्र में कोई कटौती नहीं

**पेज 1 का बाकी**

प्रहलाद जोशी ने बैठक के बाद कहा कि बजट सत्र की अवधि कम नहीं की जाएगी और यह पूर्व निर्धारित व्यवस्था के अनुसार तीन अप्रैल तक चलेगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने कोरोना से मुकाबला करने में डॉक्टरों, नर्सों और स्वास्थ्य कर्मियों की कड़ी मेहनत व योगदान की सराहना की। वहीं, सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री ने भाजपा सांसदों से छोटे-छोटे समूहों में लोगों के बीच जागरूकता फैलाने व 15 अप्रैल तक कोई विरोध प्रदर्शन आयोजित करने से बचने की सलाह दी।

प्रधानमंत्री ने कोरोना वायरस के संबंध में जागरूकता फैलाने व सकारात्मक योगदान के लिए मीडिया की काफी प्रशंसा की। भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव प्रताप रूडी ने बताया कि बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना वायरस से निपटने के संदर्भ में किए गए कार्यों को सामने लाने से डॉक्टरों, नर्सों, नगरपालिका कर्मियों, हवाईअड्डा कर्मियों, सीआइएसएफ व अग्रिम मोर्चे पर जुटे लोगों का मनोबल बढ़ता है। रूडी के अनुसार, प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे में हमें कोविड-19 से मुकाबला करने के विभिन्न आयामों को रेखांकित करने वाले विभिन्न लोगों का भी अभिनंदन करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी स्तर पर विभिन्न प्राधिकार समन्वय बनाकर काम कर रहे हैं, ताकि यह सुनिश्चित हो कि कोविड-19 नहीं फैले। रूडी के कहा कि बैठक में प्रधानमंत्री ने पार्टी सांसदों से कहा कि शनिवार व रविवार को जब वे अपने क्षेत्र में जाएं तो कोरोना वायरस के बारे में जागरूकता फैलाने का काम करें। उन्होंने प्रधानमंत्री के हवाले से बताया कि मीडिया ने काफी सकारात्मक रूप से इस अभियान को आगे बढ़ाने का काम किया है। पार्टी संसदीय दल की बैठक में स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री डॉ हर्षवर्द्धन ने कोरोना वायरस से निपटने में सरकार के प्रयासों के बारे में बताया।

## दरअसल




## 54 हजार लोग सामुदायिक निगरानी में : हर्षवर्धन

**पेज 1 का बाकी**

इन सुविधाओं को बेहतर बनाने में मदद मिल सके। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि देश भर में कुल 54 हजार लोगों को सामुदायिक निगरानी में रखा जा रहा है और लोगों को पृथक सुविधा में रखे जाने के दौरान स्वास्थ्यकर्मी उनसे संपर्क बनाए रखते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कोरोना विषाणु के रोगियों के उपचार में रेट्रोवायरल औषधियों के उपयोग के बारे में भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) के वैज्ञानिक दुनिया भर के वैज्ञानिकों से संपर्क बनाए हुए हैं। पृथक केंद्रों में समुचित सुविधा नहीं होने की खबरों से जुड़े एक पूरक प्रश्न पर उन्होंने कहा, 'ऐसी खबरें अपवाद हैं।

## रूसी उप प्रधानमंत्री की भारत यात्रा रद्द

नई दिल्ली, 17 मार्च (भाषा)।

रूस के उप प्रधानमंत्री यूरी त्रुतनेव की इस महीने होने वाली भारत यात्रा को कोरोना वायरस के प्रकोप के चलते रद्द कर दिया गया है। रूस के राजनयिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। संसाधन समृद्ध 'फार ईस्ट एंड आर्कटिक' क्षेत्रों में भारत की भागीदारी पर चर्चा को आगे ले जाने के लिए इस महीने के अंत में रूस के उप प्रधानमंत्री एक बड़े शिष्टमंडल के साथ भारत आ रहे थे।

www.readwhere.com

## खबर कोना



जाक बार्कर अपने बेटे और बेटी के साथ बास्केटबॉल और रस्सीकूद का आनंद लेते हुए

### दो अप्रैल तक बुंडेस्लिगा स्थगित

फ्रेंकफर्ट एम मेन, 17 मार्च (एएफपी)।

जर्मनी के शीर्ष दो डिवीजन के 36 फुटबाल क्लबों ने कोरोना वायरस संक्रमण के कारण दो अप्रैल तक जर्मन फुटबाल लीग स्थगित करने के प्रस्ताव पर मंजूरी जताई है। बुंडेस्लिगा और दूसरे दर्जे की टीमों ने फ्रेंकफर्ट में हुई बैठक में रखे गए इस प्रस्ताव पर मंजूरी जताई। जर्मन फुटबाल लीग के मुख्य कार्यकारी क्रिस्टियन सीफर्ट ने कहा, 'इसके मायने यह नहीं है कि हम उसके बाद मुकाबले शुरू कर देंगे। हमारा सबसे बड़ा दुश्मन कोरोना वायरस है लेकिन दूसरा सबसे बड़ा दुश्मन अनिश्चितता है। अभी कहा नहीं जा सकता कि फुटबाल फिर कब शुरू होगा।'

### न्यूजीलैंड ने घरेलू प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट रद्द किया

आकलैंड, 17 मार्च (भाषा)।

न्यूजीलैंड के शीर्ष प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट प्लंकेट शील्ड के आखिरी दो दौर के मैच कोविड 19 महामारी के कारण रद्द कर दिए गए हैं जिसे बाद खिताब वेलिंगटन फायरबर्ड्स को दे दिया गया। न्यूजीलैंड क्रिकेट के मुख्य कार्यकारी डेविड वाइट ने बताया कि चिकित्सा विशेषज्ञों की सलाह के बाद यह फैसला लिया गया। वेलिगटन फायरबडर्स अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से 26 अंक आगे है। वाइट ने कहा, 'न्यूजीलैंड क्रिकेट परिवार की सेहत और सुरक्षा के लिए अतिरिक्त उपाय किए जाने जरूरी है। हमने चिकित्सा विशेषज्ञों की सलाह पर अमल किया।' न्यूजीलैंड क्रिकेट ने 30 मार्च को होने वाले एएनजेड न्यूजीलैंड क्रिकेट पुरस्कार भी स्थगित कर दिए थे।

### डायमंड लीग की शुरुआती तीन प्रतियोगिताएं रद्द

पेरिस, 17 मार्च (एएफपी)।

कोरोना वायरस के चलते डायमंड लीग सर्किट की शुरुआती तीन प्रतियोगिताएं रद्द कर दी गई है। इनमें दोहा में 17 अप्रैल को होने वाली प्रतियोगिता, शंघाई में 16 मई और एक अन्य चीनी शहर में नौ मई को होने वाली स्पर्धा शामिल है । आयोजकों ने एक बयान में कहा, 'यह फैसला आयोजन समिति, स्थानीय अधिकारियों और खेल नियामक ईकाइयों से मशविरे के बाद लिया गया है।' नई तारीखों की घोषणा बाद में की जाएगी।

# यूरो 2020 फुटबाल टूर्नामेंट 2021 तक स्थगित : यूएफा

लुसाने, 17 मार्च (एएफपी)।

यूरोपीय फुटबाल संस्था (यूएफा) ने मंगलवार को घोषणा की कि यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप (यूरो) को 2021 तक स्थगित कर दिया गया है। पहले यह टूर्नामेंट इस साल जून और जुलाई में आयोजित किया जाना था।

यूएफा ने कहा कि टूर्नामेंट की नई प्रस्तावित तिथियां अगले साल 11 जून से 11 जुलाई होंगी। यूरो 2020 को अब यूरो 2021 के नाम से जाना जाएगा। यूएफा ने बयान में कहा, 'इस कदम से घरेलू प्रतियोगिताओं को पूरा किया जा सकता है जिन्हें अभी कोविड-19 के कारण रोक दिया गया है।' यह घोषणा करने से पहले यूएफा ने अपने राष्ट्रीय संघों के अलावा क्लबों और खिलाड़ियों की संस्थाओं के साथ टेलीकान्फ्रेंस की।




महाद्वीप के 12 शहरों एम्सटर्डम, बाकू, बिलबाओ, बुडापेस्ट, बुखारेस्ट, कोपेनहेगेन, डबलिन, ग्लास्गो, लंदन, म्यूनिख, रोम और सेंट पीटर्सबर्ग में खेली जानी थी प्रतियोगिता। यूरो के सेमीफाइनल और फाइनल लंदन में होने थे

यह कदम कोरोना वायरस महामारी के कारण विश्व भर में खेल गतिविधियां बंद होने के कारण लिया गया है। इस महामारी के कारण कई देशों में आपात स्थिति पैदा हो गयी है और सीमाएं बंद कर दी गयी है।

यूएफा ने कहा, 'खेल में शामिल होने वालों का स्वास्थ्य प्राथमिकता है। मैचों के आयोजन में शामिल राष्ट्रीय लोक सेवाओं पर गैरजरूरी दबाव बनाने से बचने के लिये भी यह कदम उठाया गया।' यूरोप की अधिकतर घरेलू लीग के मैच नहीं हो रहे हैं। क्लबों के बीच होने वाली यूएफा चैंपियन्स लीग और यूरोपा लीग को भी स्थगित किया जा चुका है। लेकिन यूरोपीय चैंपियनशिप के स्थगित किए जाने से इन लीग को यात्रा संबंधी पाबंदियां हटने के बाद पूरा किया जा सकता है।

यूरोप कोरोना वायरस महामारी का केंद्र बना हुआ है। मंगलवार को फ्रांस ने भी इटली और स्पेन की तरह कड़े उपाय अपनाए। यूरोपीय नेता भी महाद्वीप की गैर जरूरी यात्राओं पर प्रतिबंध लगाने की योजना बना रहे हैं।

## फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट स्थगित

पेरिस, 17 मार्च (एएफपी)।

फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट कोरोना वायरस महामारी के कारण टाल दिया गया है और अब वह 20 सितंबर से चार अक्तूबर के बीच आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

वर्ष का यह दूसरा ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट 24 मई से सात जून के बीच होना था लेकिन आयोजकों ने इसको स्थगित करने का फैसला किया।

आयोजकों ने ट्वीट किया, 'पूर्व में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार टूर्नामेंट की तैयारियां और आयोजन करना असंभव है।' नाई तिथियों का मतलब है कि इस टूर्नामेंट का यूएस ओपन की समाप्ति के केवल एक सप्ताह बाद इसका आयोजन किया जाएगा।

# ओलंपिक तैयारी को छोड़कर सारे राष्ट्रीय शिविर स्थगित : रिजीजू

नई दिल्ली, 17 मार्च (भाषा)।

कोरोना महामारी के कारण सभी राष्ट्रीय शिविर आगामी आदेश तक स्थगित कर दिए गए हैं। हालांकि तोक्यो ओलंपिक की तैयारी कर रहे खिलाड़ियों के शिविर जारी रहेंगे। वहीं भारतीय खेल प्राधिकरण अपने प्रशिक्षुओं के घर लौटने का बंदोबस्त कर रहा है। खेलमंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र और भारतीय खेल प्राधिकरण के केंद्रों पर अकादमीय प्रशिक्षण भी निलंबित रहेगा। ओलंपिक इस साल जुलाई अगस्त में होने हैं।

रीजीजू ने ट्वीट किया, 'कोविड 19 के चलते साइ ने तय किया है कि सभी राष्ट्रीय शिविर स्थगित रहेंगे। ओलंपिक की तैयारी कर रहे खिलाड़ियों के शिविर जारी रहेंगे।' उन्होंने आगे लिखा, 'राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र और एसटीसी भी आगामी आदेश तक बंद रहेंगे।' रीजीजू ने कहा कि यह कदम अस्थायी और एहतियाती है और हालात सुधरने पर प्रशिक्षण बहाल कर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा, 'यह अस्थायी और एहतियातन उठाया गया कदम है। मैं सभी युवा खिलाड़ियों से अपील करता हूं कि दिल छोटा नहीं करें। हम हालात की समीक्षा करके जल्दी ही अकादमीय प्रशिक्षण फिर शुरू करेंगे।' बाद में साइ ने कहा कि मंजूरी मिलने और प्रतिबंध वापिस लिए जाने तक कोई टूर्नामेंट, खेल समारोह, सेमिनार या कार्यशाला का आयोजन नहीं किया जाएगा। होस्टल सुविधा हालांकि 20 मार्च तक चालू रहेगी ताकि खिलाड़ियों को असुविधा नहीं हो।

साइ ने कहा, 'अगले कुछ दिन में जिन खिलाड़ियों की परीक्षा है, उन्हें केंद्र पर रहने और इम्तिहान देने की अनुमति रहेगी। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि स्वास्थ्य संबंधी सभी प्रक्रियाओं का पालन किया जाए और घर लौटते समय खिलाड़ी संक्रमण के शिकार नहीं हो जाएं।' इसमें कहा गया, 'सभी अन्य प्रशिक्षुओं को घर भेजा जा रहा है। जिनका घर केंद्र से 400 किलोमीटर से कम दूरी पर है, उन्हें थर्ड एसी का ट्रेन टिकट दिया जा रहा है। जिनका घर 400 किलोमीटर की दूरी से अधिक है, उन्हें हवाई टिकट दिया जाएगा।' भारत में अभी तक निशानेबाजी विश्व कप और इंडिया ओपन गोल्फ स्थगित किया गया है। वहीं बैडमिंटन का इंडिया ओपन भी रद्द कर दिया गया।

कुछ दिन पहले ही सरकार ने खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धाओं के संबंध में दो परामर्श जारी किए थे। मंत्रालय ने कहा था कि तोक्यो ओलंपिक क्वालीफायर के लिऐ विदेश में खेल रहे खिलाड़ी अपना अभ्यास जारी रखेंगे। रीजीजू ने यह भी स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय टूर्नामेंटों पर कोई प्रतिबंध नहीं है लेकिन वे बिना दर्शकों के होंगे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ इंडियन ग्रां प्री का आयोजन कर रहा है जो ओलंपिक क्वालीफायर भी है। यह 20 मार्च से शुरू होगा और दर्शकों के बिना खेला जाएगा।

बीसीसीआइ, भारतीय मुक्केबाजी महासंघ और अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ समेत राष्ट्रीय खेल महासंघों ने घर से काम करने का फैसला लिया है।

साइ ने कहा, 'अगले कुछ दिन में जिन खिलाड़ियों की परीक्षा है, उन्हें केंद्र पर रहने और इम्तिहान देने की अनुमति रहेगी। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि घर लौटते समय खिलाड़ी संक्रमण के शिकार नहीं हो जाएं।'

भारतीय खेल प्राधिकरण अपने प्रशिक्षुओं के घर लौटने का कर रहा है बंदोबस्त



“ साइ ने तय किया है कि सभी राष्ट्रीय शिविर स्थगित रहेंगे। ओलंपिक की तैयारी कर रहे खिलाड़ियों के शिविर जारी रहेंगे। राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र और एसटीसी भी आगामी आदेश तक बंद रहेंगे।'

## यूरोपीय ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर निलंबित

लंदन, 17 मार्च (एएफपी)।

लंदन में होने वाले यूरोपीय ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर कोरोना वायरस के प्रकोप के चलते निलंबित कर दिए गए। मुक्केबाजी रोड टू तोक्यो टूर्नामेंट शनिवार से 24 मार्च तक चलना था। अमेरिकी क्वालीफायर और अंतिम दौर के क्वालीफायर भी खटाई में पड़ गए हैं जो मई में होने हैं । लंदन में होने वाले टूर्नामेंट में करीब 12 देशों के 350 पुरूष और महिला मुक्केबाज भाग लेने वाले थे। यह यूरोप का पहला क्वालीफायर था।

## स्वदेश लौटेंगे एथलीट नीरज चोपड़ा


नई दिल्ली, 17 मार्च (भाषा)।

तोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके भाला फेंक के स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा कोविड-19 महामारी को देखते हुए तुर्की में अपने अभ्यास स्थल से स्वदेश लौटेंगे।

चोपड़ा पिछले एक महीने से तुर्की में अभ्यास कर रहे हैं। उन्होंने पिछले साल कोहनी की चोट से उबरने के बाद दक्षिण अफ्रीका में एक प्रतियोगिता में 87.86 मीटर भाला फेंककर तोक्यो खेलों के लिए क्वालीफाई किया था।

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआइ) के एक अधिकारी ने कहा, 'तुर्की 18 मार्च को अपनी सीमाएं बंद कर रहा है और नीरज को उससे पहले वापस आना होगा। वह बुधवार को स्वदेश पहुंच रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'वह (नीरज) डायमंड लीग के 17 अप्रैल को होने वाले दोहा चरण में भी हिस्सा नहीं लेंगे।'

डायमंड लीग के आयोजकों ने मंगलवार को घोषणा की कि डायमंड लीग की पहली तीन



प्रतियोगिताएं स्थगित कर दी गई हैं। इनमें से पहली प्रतियोगिता दोहा में होनी थी।

एक अन्य भाला फेंक खिलाड़ी शिवपाल सिंह भी दक्षिण अफ्रीका में अपने अभ्यास स्थल पोटचेफ्सट्रूम से वापस लौट रहे हैं। शिवपाल भी तोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं।

एएफआइ अधिकारी ने कहा, 'शिवपाल भी दक्षिण अफ्रीका से लौट रहे हैं। कोई भी भारतीय विदेशों में अभ्यास नहीं करेगा। ऐसी स्थिति में कहा नहीं जा सकता कि कब कोई देश अपनी सीमाएं बंद कर दे या उड़ान रद्द कर दे। हम कोई जोखिम नहीं उठा सकते।'



**बचाव** दक्षिण कोरिया के सोल में गोचेक स्काइ डोम में कोरोना वायरस से बचाव के लिए कीटाणुनाशक दवा का छिड़काव करता एक व्यक्ति।

## कोरोना से स्पेन में एक फुटबाल कोच की मौत

मैड्रिड, 17 मार्च (भाषा)।

स्पेन के मालागा में कोविड 19 संक्रमण के कारण एक 21 वर्षीय फुटबाल कोच की मौत हो गई। स्पेनिश लीग सेकंड डिवीजन टीम एटलेटिको पोर्टाडा अल्टा की युवा टीम के कोच फ्रांसिस्को गार्शिया को कोविड 19 के लक्षण मिलने के बाद स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह ल्यूकेमिया से भी पीड़ित था।

क्लब ने कहा, 'हम अपने कोच फ्रांसिस्को गार्शिया के परिवार, दोस्तों और रिश्तेदारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं। हम तुम्हारे बिना कैसे खेलेंगे फ्रांसिस्को। लेकिन हम तुम्हारे लिए खेलेंगे। ईश्वर तुम्हारी आत्मा को शांति दे।' स्पेन में अब तक कोरोना वायरस के 9000 मामले सामने आ चुके हैं और 300 लोग मारे गए हैं।

## केन रिचर्डसन ने कहा, मुझे लगा यह मजाक है

मेलबर्न, 17 मार्च (भाषा)।

कोविड-19 के संभावना के कारण कुछ समय के लिए पृथक रहे आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज केन रिचर्डसन ने कहा कि एकबारगी उन्हें लगा कि उनके साथ मजाक किया जा रहा है। ऐसा न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला के दौरान हुआ। परीक्षण से पता चला कि रिचर्डसन कोरोना वायरस से संक्रमित नहीं हैं। वह टीम से नहीं जुड़ पाए क्योंकि कोविड-19 की स्थिति को देखते हुए यह श्रृंखला बीच में ही रद्द कर दी गई।

गेंदबाज ने क्रिकेट.काम.एयू से कहा, 'मैं इसलिए जोखिम में था क्योंकि पिछले सप्ताह के दौरान मैंने विदेश दौरा किया था और मुझ में चार में से एक लक्षण पाया गया था। यही वजह थी कि मेरा परीक्षण किया गया।' उन्होंने कहा, 'एक समय मुझे लगा कि मेरे साथ मजाक किया जा रहा है लेकिन तब चिकित्सकों ने समझाया कि ऐसा नहीं है।' रिचर्डसन ने कहा, 'मुझे उम्मीद थी कि मेरा परीक्षण पॉजीटिव नहीं आएगा और ईश्वर की कृपा से ऐसा ही हुआ। मैं अच्छा था और मैं बाहर जाकर फिर से ताजा हवा ले सकता था।'

## आस्ट्रेलिया ने सारा क्रिकेट रद्द किया

सिडनी, 17 मार्च (एएफपी)।

आस्ट्रेलिया ने कोरोना वायरस के कारण अपना घरेलू शेफील्ड शील्ड टूर्नामेंट रद्द कर दिया जिसमें न्यू साउथवेल्स को चैंपियन घोषित किया गया। टूर्नामेंट के आखिरी दौर के मुकाबले पहले ही रद्द कर दिए गए थे। नौ दौर में आगे रही न्यू साउथवेल्स को विजयी घोषित किया गया।

आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की वनडे श्रृंखला भी रद्द कर दी गई जिसमें दर्शकों के बिना खेला गया पहला मैच आस्ट्रेलिया ने जीता था।

## यौन उत्पीड़न के मामले में मुक्केबाजी कोच गिरफ्तार

नई दिल्ली, 17 मार्च (भाषा)।

एक मुक्केबाजी कोच को एक छात्रा के कथित यौन उत्पीड़न के मामले में गिरफ्तार किया गया है। घटना फरवरी की है जब वे एक प्रतियोगिता में हिस्सा लेने पश्चिम बंगाल गए थे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि छात्रा प्रतियोगिता में हरियाणा का नेतृत्व कर रही थी। कोच (28) के खिलाफ शुक्रवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई।

शिकायत के अनुसार नई दिल्ली रेलवे स्टेशन (एनडीएलएस) से 27 फरवरी को कोलकाता जाते समय उसके कोच ने उसके साथ ट्रेन में उसका यौन उत्पीड़न किया था। महिला ने शिकायत में यह भी कहा कि कोलकाता में रहने के दौरान भी कोच ने उसका यौन उत्पीड़न किया। अधिकारी ने बताया कि भादंवि की संबंधित धाराओं के तहत एनडीएलएस में मामला दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि कोच को पूछताछ के लिए हरियाणा के सोनीपत से गिरफ्तार किया गया। उसने महिला मुक्केबाज का यौन उत्पीड़न करने की बात स्वीकार कर ली है। उन्होंने बताया कि वह सोनीपत में एक मुक्केबाजी अकादमी चलाता है और मुक्केबाजी प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व भी कर चुका है।

कोरोना के कारण 15 तक स्थगित है प्रतियोगिता | **खतरे में आइपीएल** | क्रिकेट आस्ट्रेलिया कर रहा है विचार

# आइपीएल अनुबंध छोड़ सकते हैं आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी

### स्थानीय मीडिया में जानकारी


मेलबर्न, 17 मार्च (भाषा)।

विषाणु के प्रकोप के चलते आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर अपने लुभावने आइपीएल अनुबंध छोड़ सकते हैं। स्थानीय मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आइपीएल 15 अप्रैल तक स्थगित कर दिया गया है।

क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने अपने खिलाड़ियों को आधिकारिक तौर पर कोई निर्देश नहीं दिया है। इसके मुख्य कार्यकारी केविन राबटर्स ने मंगलवार को कहा कि खिलाड़ियों का आइपीएल टीमों के साथ व्यक्तिगत अनुबंध है और उन्हें खुद तय करना है कि इस साल आइपीएल खेलना है या नहीं।

उन्होंने कहा, 'हम सलाह दे सकते हैं। हमें पता है कि आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों का आइपीएल के साथ व्यक्तिगत अनुबंध है और जल्दी ही वह समय आएगा जब खिलाड़ी हमसे राय मांगेंगे।' इसमें कहा गया, 'उम्मीद है कि अनिश्चितता की इस स्थिति में खिलाड़ी सर्वश्रेष्ठ फैसला ले सकेंगे।'

द आस्ट्रेलियन अखबार ने लिखा है कि क्रिकेट आस्ट्रेलिया इस पर विचार कर रहा है कि उसके खिलाड़ियों को आइपीएल या ब्रिटेन में द हंड्रेड सीरिज में भाग लेने की अनुमति दे या नहीं। आइपीएल में 17 आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के करार हैं। पैट कमिंस सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी हैं जिन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स ने 32 लाख डालर में खरीदा था।



*पैट कमिंस* सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी जिन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स ने 32 लाख डालर में खरीदा

### 17 आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी के करार आइपीएल में

द आस्ट्रेलियन अखबार ने लिखा है कि क्रिकेट आस्ट्रेलिया इस पर विचार कर रहा है कि उसके खिलाड़ियों को आइपीएल या ब्रिटेन में द हंड्रेड सीरिज में भाग लेने की अनुमति दे या नहीं। आइपीएल में 17 आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के करार हैं।

### खिलाड़ी ही करेंगे खेलने पर आखिरी फैसला

मुख्य कार्यकारी केविन राबटर्स ने मंगलवार को कहा कि खिलाड़ियों का आइपीएल टीमों के साथ व्यक्तिगत अनुबंध है और उन्हें खुद तय करना है कि इस साल आइपीएल खेलना है या नहीं।

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 37, अंक 121, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोन: (0120) 2470700/2470740, ई-मेल: edit.jansatta@expressindia.com, फैक्स: (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्ष: विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादक: मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइट: दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।

www.readwhere.com